Web Portal
www.ghatatighatana.com

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -105 मंगलवार,14 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

दान देकर तुम्हें खुश होना चाहिए क्योंकि मुसीबत दान की दीवार कभी नहीं फांदती।

-हजरत मोहम्मद-

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस जितेन्द्र आंचलिया समेत चारों आरोपियों को भेजा जेल




**उदयपुर ,13 फरवरी 2023(ए)।** रिश्वत के मामले में पकड़े गए आरपीएस जितेंद्र आंचलिया सहित सभी चारों आरोपी सोमवार को जेल भेज दिए गए। सभी आरोपियों को एसीबी जयपुर के अधिकारियों ने सोमवार दोपहर भ्रष्टाचार निरोधक संबंधी मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत में पेश किया था। इस दौरान वकीलों ने आंचलिया को भ्रष्टाचारी बताते हुए उसके खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। हालांकि पूर्व कयास के अनुसार भारी पुलिस बल अदालत में थी।

### जम्मू-कश्मीर में चुनाव का रास्ता साफ हुआ

**जम्मू,13 फरवरी 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर में चुनाव का रास्ता अब साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आज जम्मू-कश्मीर




विधानसभा सीटों के परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को परिसीमन आयोग बनाने का अधिकार है।श्रीनगर के रहने वाले हाजी अब्दुल गनी खान और मोहम्मद अयूब मट्टू की याचिकाओं में कहा गया था कि परिसीमन में सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और चुनाव आयोग ने इस दलील को गलत बताया था। आज सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया है और अब जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बिगुल बज सकता है।

# बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश पर हमला

### आक्रोशित लोगों ने फेंका कुर्सी,नहीं मिलने देने से थे नाराज

**पटना, 13 फरवरी 2023(ए)।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर समाधान यात्रा के दौरान औरंगाबाद में कुर्सी फेंकी गई है. समाधान यात्रा के दौरान औरंगाबाद के कंचनपुर में सीएम के ऊपर आक्रोशित लोगों ने कुर्सी फेंकी जो उनके चेहरे के ठीक सामने से गुजरा. इसके बाद सीएम को घेरे में लिए हुए सुरक्षाकर्मियों ने बचाया. दरअसल स्थानीय लोग बिहार के मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात कहना चाह रहे थे लेकिन सीएम को उनसे मिलने नहीं दिया गया। इससे लोग आक्रोशित हो गए और वहा कुर्सिया पटकने लगे और फिर टूटी कुर्सी का एक टुकड़ा सीएम नीतीश कुमार की तरफ फेंक दिया जो उनके ठीक चेहरे के सामने से गुजरा. सीएम कुर्सी के टुकड़े से बाल- बाल बचे।

### आक्रोशित लोग ने फेंकी सीएम पर कुर्सी

नीतीश कुमार समाधान यात्रा के दौरान सोमवार को सासाराम और औरंगाबाद के दौरे पर थे. वह इस दौरान जिले के बारुण प्रखंड के कंचनपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करने पहुंचे थे. यहां सीएम से लोग मुलाकात कर अपनी समस्या बताना चाहते थे. लेकिन सुरक्षाकर्मी उन्हें सीएम से मिलने नहीं दे रहे थे इससे लोग आक्रोशित हो गए।





### हैरान रह गए सीएम नीतीश

तब आक्रोशित लोगों ने वहा हंगामा मचाना शुरू कर दिया और कुर्सियां तोड़ने लगे. इसी बीच भीड़ में से एक शख्स ने टूटी हुई कुर्सी का टुकड़ा सीएम नीतीश कुमार को निशाना बना कर फेंका जो ठीक उनके सामने से गुजरा. सीएम पर कुर्सी फेंके जाने के बाद सुरक्षाकर्मी अवाक रह गये. इसके बाद उन्होंने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया. इस घटना को देख सीएम भी हैरान रह गये. इस दौरान वहां भारी तनाव की स्थिति हो गई।

### समाधान यात्रा पर है सीएम नीतीश कुमार

बिहार के सीएम नीतीश कुमार इन दिनों समाधान यात्रा पर है. यात्रा के दौरान वह विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं. अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं. साथ ही वह चयनित समूह के साथ बैठक कर रहे हैं. लेकिन पिछले 18 साल में सायद यह पहली बार है जब वह लोगों से सीधा संवाद नहीं कर रहे हैं. कोई जनसभा नहीं कर रहे हैं. इससे लोगों में नाराजगी है. और यात्रा के दौरान लोग जगह-जगह हंगामा कर रहे हैं. जिसके बाद बीजेपी ने कहा है कि सीएम को लोगों के बीच जाने में डर लगता है।

# नेता जी के विवादित बयान पर बवाल



### धीरेंद्र शास्त्री को बहुरूपिया, मोदी को लेकर कही यह बात

**पटना, 13 फरवरी 2023 (ए)।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य गुलाम रसूल बलियावी ने योग गुरु रामदेव के आतंकी संगठन से संपर्क होने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने इस दौरान इन दिनों चर्चा में आए धीरेंद्र शास्त्री को भी बहुरूपिया बताया है।

अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले बलियावी ने कहा कि जब पाकिस्तान मिसाइल बनाकर भारत को दिखा रहा था तो एक मुसलमान का बेटा ही सामने आया था, जिसका नाम एपीजे अब्दुल कलाम था, उसने ही पाकिस्तान को जवाब दिया था।

### मोदी को लेकर कही यह बात

बलियावी ने नवादा में देर शाम एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगर पाकिस्तान से निपटने में डर लग रहा है तो सेना में 30 प्रतिशत मुस्लिम युवकों को जगह दें, पाकिस्तान आंख नहीं दिखा पाएगा।

### रामदेव को बताया आतंकी

बलियावी ने मुस्लिम सेफ्टी कानून बनाने की भी मांग रखी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के नेता बलियावी योग गुरु रामदेव और धीरेंद्र शास्त्री पर जमकर बरसे। उन्होंने बाबा रामदेव को विदेशी बताया और कहा कि उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामदेव भारतीय नहीं हैं। उनका आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा या जैश-ए-मोहम्मद से संबंध है। इसके बाद बलियावी ने रामदेव को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का एजेंट भी बता दिया।

उन्होंने कहा कि रामदेव भारत कब आए, कैसे आए और उन्हें इतना लोन कैसे मिल गया इसकी भी जांच होनी चाहिए। हाल ही में चर्चा में आए पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बलियावी ने बहुरूपिया बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के बहरूपियों की हमारे देश में कोई जगह नहीं है। कपड़े और मेकअप से कोई देश को गुमराह नहीं कर सकता। बलियावी के इस बयान के बाद बिहार की सियासत एक बार फिर गर्म होने की संभावना है।

# बेंगलुरु में एशिया का सबसे बड़ा एयरो शो शुरू

### मोदी ने कहा ये सिर्फ शो नहीं देश की ताकत है

**हैदराबाद,13 फरवरी 2023 (ए)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कर्नाटक में 14वें एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन किया। यह एयरो शो बेंगलुरू के येलहांका स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर हो रहा है। इस शो में एयरो इंडिया सैन्य विमानों, हेलीकाप्टरों, रक्षा उपकरणों को पेश किया जाएगा।

इस बार एयरो इंडिया 2023 की थीम 'द रनवे टू बिलियन अपॉर्चुनुटीज' है।यह एयर शो 5 दिन चलेगा।



मोदी ने कहा, 'पहले यह सिर्फ एयर शो था, लेकिन अब ये ताकत बनकर उभर रहा है। यह भारत की नई ऊंचाई का संकेत है। इससे नई संभावनाएं पैदा होंगी।' उन्होंने कहा 'अमृतकाल' का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है। कोरोना काल के बाद पहली बार इस शो में दर्शक भी शामिल हो रहे हैं।

# उदयपुर सेंट्रल जेल की तलाशी में 06 मोबाइल व कई अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद

### भनक लगते ही कैदियों ने टॉयलेट में बहा दिए थे मोबाइल

**उदयपुर,13 फरवरी 2023(ए)।** जिला पुलिस ने सेंट्रल जेल में अकस्मात छापामारी कर तलाशी में 06 मोबाइल व अन्य कई आपत्ति जनक चीजें बरामद की है। पुलिस की भनक लगते ही कैदियों ने अपने मोबाइल टॉयलेट में बहा दिए थे। पुलिस को मुखबिर से यह सूचना मिली कि केन्द्रीय कारागृह, उदयपुर के बेरिक नम्बर 14 में निरूद्ध शातिर बदमाश दिलीप नाथ जेल में मोबाइल का उपयोग करता है। वह कई दिनो से अपने साथियो से मोबाइल से बात कर आपराधिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है।

इस सूचना पर एसपी विकास शर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एव अनुसंधान प्रकोष्ठ मनजीत सिंह, थानाधिकारी भुपालपुरा हनवंत सिंह सौढा, थानाधिकारी अम्बामाता रवीन्द्र चारण, थानाधिकारी




नाई श्याम सिंह रत्नू व थानाधिकारी सुखेर संजय शर्मा की एक विशेष टीम का गठन कर सेंट्रल जेल की औचक तलाशी हेतु रवाना किया गया।

उप महानिरीक्षक जेल कैलाश त्रिवेदी के निर्देशन में विधिवत रूप से पुलिस टीम ने केन्द्रीय कारागृह उदयपुर में तलाशी प्रारम्भ की। जेल में प्रवेश करने के बाद बैरिक नम्बर 14 की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैरिक के रोशनदान की सलाखों के नीचे की तरफ 02 पेन ड्राईव, तीन लाईटर, काले रंग का एक ईयरफोन, काले रंग का एक चार्जर, मोबाइल नम्बर लिखी कुल 12 पर्चियां मिली। आसूचना में यह सामने आया की बेरिक नम्बर 14 के कुछ कैदियों ने चैकिंग से बचने के लिए कुछ मोबाइल बैरिक में बने टॉयलेट में बहा दिये है। इस बेरिक के अन्दर बने टॉयलेट के अन्दर से बाहर की तरफ निकल रहे पाईप को तोडकर उसकी तलाशी ली गई तो कुल 06 मोबाइल मिले। टीम द्वारा इन्हें जब्त कर थाना सूरजपोल पर प्रकरण दर्ज करवाया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# पुलिसकर्मियों ने लगाया एएसपी पर आरोप

### घर बुलाकर करवाते हैं बॉडी मालिश

**पटना, 13 फरवरी 2023 (ए)।** बिहार की राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल में तैनात एएसपी मनीष कुमार पर सिपाहियों ने पुलिसकर्मियों को अपने घर पर बुलाकर शरीर में तेल लगवाने और पैर-हाथ दबवाने का आरोप लगाया है। पटना में तैनात 7 पुलिसकर्मियों ने पटना एसएसपी को पत्र लिखकर अपनी पीड़ा बताई है।



एएसपी की करतूतों का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि उनके पास अपने आरोपों की पुष्टि के लिए सबूत भी हैं। हालांकि एएसपी ने फोन पर बताया कि स्टेडियम में दौड़ने के दौरान बॉडी में ऐंठन हो जाने की वजह से उनसे मदद ली गई थी।वीडियो में देखा जा सकता है कि एएसपी लेटे हैं और कुछ पुलिसर्मी उनकी बॉडी की मालिश करते और दबाते नजर आ रहे हैं।बता दें कि एएसपी काफी दिनों तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की निजी सुरक्षा में भी तैनात रह चुके हैं। पहले भी कई विवादों में उनका नाम आ चुका है। हालांकि, सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, अब अब 4 महिला पुलिसकर्मियों समेत 7 सिपाहियों ने एएसपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# लोगों पर महंगाई की मार

### अनाज और दूध की कीमतों में दर्ज हुई वृद्धि

**नई दिल्ली 13 फरवरी 2023 (ए)।** देश में दिनों दिन जैसे महंगाई बढ़ रही है। ऐसे में आम आदमी का जीना मुश्किल होता जा रहा है। पिछले दिनों ही दूध के दाम बढ़े थे।




जिसमें दूध की नामी कंपनियों ने दूध के पैकेट के रेटों पर इजाफा किया था। वहीं लोगों को महंगाई के मोर्चे पर लोगों को पहला तगड़ा झटका लगा है। दिसंबर महीने में खुदरा महंगाई दर गिरकर 6 फीसदी से नीचे पहुंच गई थी। जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि आने वाले दिनों में महंगाई से और राहत मिल सकती है, लेकिन महंगाई कभी भी आम आदमी का पीछा नहीं छोड़ती है। जनवरी में अचानक महंगाई दर में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। खुदरा महंगाई दर एक फिर 6 फीसदी के पार निकल गई है।

दिसंबर, 2022 में आई गिरावट के बाद जनवरी, 2023 में खुदरा महंगाई दर ने छलांग लगाई है। फूड बास्केट की महंगाई की वजह से आंकड़े में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिसकी महंगाई दर दिसंबर में 4.19 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी में 5.94 प्रतिशत हो गई है।

फूड बास्केट की महंगाई में खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ी हैं। दूध और उससे बनने वाले प्रोडक्ट्स की महंगाई दर जनवरी में 8.79 फीसदी रही है। मलालों के दाम भी बढ़े हैं और इसकी महंगाई दर 21.09 फीसदी रही है। सब्जियों की महंगाई दर नेगेटिव में है और ये -11.70 फीसदी रही है। फूड महंगाई दर सीपीआई बास्केट का लगभग 40 फीसदी है। अनाज और दूध की कीमतों में वृद्धि जारी है।

हाल ही में मॉनिटरी पॉलिसी समिति की बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि एफवाई23 में महंगाई 6.5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने हाल ही में रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है।

# अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए कमेटी गठन पर राजी केंद्र

### सुप्रीम कोर्ट को सौंपे जाएंगे नाम

**नई दिल्ली , 13 फरवरी 2023(ए)।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी




पारदीवाला की बेंच ने की। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने स्ष्ट से कहा कि अगर इस मामले में कोर्ट जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित करना चाहता है तो हमें (सरकार) कोई आपत्ति नहीं है, यानी अडानी ग्रुप की कंपनियों पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट के कहने पर सरकार भी जांच के लिए विशेषज्ञ कमेटी के गठन को राजी हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से शुक्रवार (17 फरवरी 2023) को फिर आने और समिति बनाने के बारे में जानकारी देने को कहा है। केंद्र ने कहा कि वह नियामक तंत्र पर प्रस्तावित पैनल के लिए डोमेन विशेषज्ञों के नाम सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को देना चाहता है।

पिछली सुनवाई में उच्चतम न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सेबी से 13 फरवरी तक जवाब मांगा था। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा था कि वह अदालत को यह बताए कि भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए और सुप्रीम कोर्ट को दिखाए कि मौजूदा संरचना क्या है? कोर्ट ने कहा था कि वह यह भी जानना चाहती है कि नियामक ढांचे को कैसे मजबूत किया जा सकता है?

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-केंद्र सुनिश्चित करे कि कॉलेजियम की सिफारिशों के अनुसार हो जजों की नियुक्ति

**नई दिल्ली 13 फरवरी 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण से जुड़े मुद्दों पर जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है। न्यायमूर्ति एस.के. कौल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि वह न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़े 'कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित है।'

महान्यायवादी (अटार्नी जनरल) आर वेंकटरमणी के उपस्थित नहीं रहने के कारण शीर्ष न्यायालय ने दो याचिकाओं की सुनवाई दो मार्च के लिए स्थगित कर दी। इनमें से एक याचिका में आरोप लगाया गया हे कि केंद्र कॉलेजियम द्वारा सिफारिश



किये गये नामों को मंजूरी देने में देर कर रहा है।

शीर्ष विधि अधिकारी की ओर से वकील द्वारा कुछ समय मांगे जाने पर पीठ ने कहा, 'कृपया यह सुनिश्चित करें कि जो कुछ किये जाने की उम्मीद है, उनमें से ज्यादातर कर लिया गया है। अटॉर्नी जनरल को सूचित कर दें।' पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार भी शामिल हैं।

### प्रशांत भूषण ने सरकार के रवैया पर जताई चिंता

एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा कि कुछ नियुक्तियां चुनिंदा तरीके से अधिसूचित की जा रही हैं, जबकि कुछ को लंबित रखा जा रहा है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, 'श्रीमान भूषण, मैं यह मुद्दा पहले ही उठा चुका हूं। मैं कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित भी हूं। मुद्दे हैं, मुझे कहने दीजिए, एक से अधिक हैं।' भूषण ने कहा कि यह अनंत समय तक नहीं चल सकता।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, 'आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जो कुछ हो रहा है, उसे लेकर ज्यादा नहीं, पर समान रूप से मैं भी चिंतित हूं।' भूषण ने कहा, ''कभी ना कभी, शीर्ष न्यायालय को ऐसा कहने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग करना होगा, अन्यथा यह अनंत समय तक चलेगा।''

### शीर्ष अदालत में 5 और न्यायधीशों की हुई नियुक्ति

बता दें कि 6 फरवरी को, पांच न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति पंकज मिथल, संजय करोल, पीवी संजय कुमार, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और मनोज मिश्रा को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई गई। सोमवार को जस्टिस राजेश बिंदल और अरविंद कुमार के रूप में शीर्ष अदालत को दो और न्यायाधीश मिले, जिन्हें भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शपथ दिलाई। कॉलेजियम प्रणाली के माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच तकरार जारी है।

# ब्यूटी पार्लर की आड़ में सेक्स रैकेट, उज्बेकिस्तान की युवती भी मिली

**इंदौर,13 फरवरी 2023 (ए)।** तेजाजी नगर में ब्यूटी पार्लर की आड़ में सेक्स रैकेट का मामला सामने आया है। यहां रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी थी। बाद में थाने का स्टाफ मौके पर पहुंचा और तीन युवतियों सहित मुख्य आरोपी को पकड़कर थाने ले आया। एसीपी आशीष पटेल के मुताबिक लिंबोदी फेस तीन के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। इस मामले में पुलिस ने यहां से तीन युवतियों के साथ आरोपी जाहिद खान को गिरफ्तार किया है। एसीपी के मुताबिक पकड़ी गई लड़कियों में से एक लड़की उज्बेकिस्तान की है। जिसके डॉक्यमेंट जब्त कर उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। पूछताछ में सामने आया कि जाहिद की पत्नी ब्यूटी पार्लर का संचालन करती है। उसके साथ ही वे आसपास क हाइवे की होटलों में लड़कियों के सप्लाय करते हैं। ये दोनों वाट्सएप पर लड़कियों की फोटो भेजकर चुनिंदा कस्टमर्स को ही फ्लैट पर बुलाते हैं। उज्बेकिस्तान की युवती को वह अन्य लड़कियों की मदद से इंदौर लेकर आया था। यहांउसे बतौर मेहमान बनाकर रखा हुआ था। पुलिस ने जाहिद के साथ उसकी पत्नी को भी आरोपी बनाया है। इसके साथ ही दो अन्य युवतियों से भी पूछताछ की जा रही है। वह दूसरे प्रदेश और शहर की रहने वाली है। जादि के खिलाफ खंडवा और खरगोन में भी अपराध के केस दर्ज हैं।



संपादकीय

# फैसला तो लेना ही होगा

भारत सरकार को 28 हजार करोड़ रुपये का भुगतान रूस को करना है। रूस चाहता है कि भारत या तो दोनों देशों के बीच बन चुके रुपया-रुबल भुगतान सिस्टम के तहत यह भुगतान करे, या फिर वह चीनी मुद्रा युवान या यूएई की मुद्रा दिरहम में ये पैसा दे।

नरेंद्र मोदी सरकार के सामने एक कठिन इम्तिहान आया है। रूस से मंगवाए गए हथियारों और लगातार खरीदे जा रहे तेल के बदले भारत किस मुद्रा में भुगतान करे, इससे संबंधित सवाल अब सामने आ खड़ा हुआ है। भारत सरकार को 28 हजार करोड़ रुपये का भुगतान रूस को करना है। लेकिन रूस डॉलर में यह रकम लेने से मना चुका है। वह चाहता है कि भारत या तो दोनों देशों के बीच बन चुके रुपया-रुबल भुगतान सिस्टम के तहत यह भुगतान करे, या फिर वह चीनी मुद्रा युवान या यूएई की मुद्रा दिरहम में ये पैसा दे। रूस के राजदूत ने कहा है कि भारतीय बैंक रुपया-रुबल सिस्टम के तहत भुगतान नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पश्चिमी प्रतिबंधों के दायरे में आ जाने का डर है। राजदूत ने साफ कहा कि इसका असर दोनों देशों के रिश्तों पर पड़ रहा है। लगे हाथ उन्होंने आगाह कर दिया कि रूस अकेला देश है, जो भारत को हथियार के साथ उसकी टेक्नोलॉजी भी देता है।

पहले खबर आई थी कि निजी क्षेत्र की रूसी कंपनियां एक सीमा से ज्यादा रुपया स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें उसका उपयोग नजर नहीं आता। यानी समस्याएं दोनों तरफ हैं। तो अब एक खबर के मुताबिक भारत सरकार के अंदर युवान या दिरहम में भुगतान पर विचार हुआ है। बताया जाता है कि युवान को लेकर कुछ एतराज हैं, इसलिए संभव है कि भारत आखिरकार दिरहम में भुगतान करे। लेकिन रुपया, दिरहम या युवान में से किसी मुद्रा में भुगतान का मतलब भारत का इस समय दुनिया में डॉलर से मुक्त होने की चल रही प्रक्रिया में शामिल होना होगा। ये बात अमेरिका को नागवार गुजरेगी। अभी हाल में ही भारत ने अमेरिका के साथ अपने रक्षा संबंध को और मजबूत किया है। अब मुश्किल यह है कि भारत के सामरिक और सामरिक-आर्थिक हितों के बीच अंतर्विरोध खड़ा होने लगा है। साफ है, इस बारे में भारत को दो-टूक निर्णय लेना होगा। बंटती दुनिया में दोनों तरफ से लाभ उठाने की रणनीति ज्यादा दिन तक कारगर नहीं रह पाएगी।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं स्वयं सहायता समूह

स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण ग्रामीण विकास के लिए एक सक्षम, सशक्त और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण है जिसने विकासशील देशों में कम आय वाले परिवारों को काफी आर्थिक और गैर-आर्थिक बाह्यता प्रदान की हैं। स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण को गरीबी का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी उपकरण के रूप में सराहा जा रहा है, जो लाभ के लिए दृष्टिकोण का संयोजन है जो आत्मनिर्भर है, और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करता है जो कम आय वाले परिवारों को सशक्त बनाता है। यह तेजी से विकासशील देशों में सरकार के लिए विकासात्मक प्राथमिकताओं का प्रयोग करने का साधन बनता जा रहा है।

एक स्वयं सहायता समूह एक गाँव-आधारित वित्तीय मध्यस्थता समिति है, जिसमें आम तौर पर 10-20 स्थानीय महिला या पुरुष शामिल होते हैं। जब औपचारिक वित्तीय प्रणाली जरूरतमंदों की मदद करने में विफल हो जाती है, तो छोटे समूह सूक्ष्म पैमाने पर पैसे इकट्ठा करने, बचाने और उधार देने के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। स्वयं सहायता समूह को एशिया के अधिकांश विकासशील देशों में व्यापक मान्यता मिली है जहाँ उनकी उपस्थिति काफी व्यापक है।

माइक्रो-फाइनेंस के माध्यम से, कई स्वयं सहायता समूह ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवान संपत्ति और पूंजी बनाई है और आजीविका को बनाए रख रहे हैं। स्वयं सहायता समूह स्वीकार्य और सुविधाजनक शर्तों पर क्रेडिट तक बेहतर पहुंच प्रदान करते हैं। सदस्य तुलनात्मक रूप से आसान शर्तों पर आकस्मिक उत्पादक और गैर-उत्पादक उद्देश्यों के लिए ऋण प्राप्त करने में सक्षम हैं। इससे स्थानीय साहूकारों पर उनकी निर्भरता काफी हद तक कम हो गई है।

एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम जैसी सरकारी पहल भी उनके वित्तीय समावेशन और औपचारिक संस्थानों से ऋण तक आसान पहुंच को बढ़ा रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गरीबी उन्मूलन का दृष्टिकोण सबसे प्रभावी साधन है और विकेंद्रीकरण की नीति पर आधारित सुधारों की चल रही प्रक्रिया के अनुकूल है। स्वयं सहायता समूह ने गरीबों को माइक्रो फाइनेंस तक पहुंच प्रदान की है और इसके परिणामस्वरूप भूमि, पानी, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और



ऋण जैसे उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

स्वयं सहायता समूह द्वारा सामूहिक खेती, मधुमक्खी पालन, बागवानी, रेशम उत्पादन जैसी स्वरोजगार गतिविधियों को हाथ में लिया गया है। ऐसे कई सफल मामले हैं जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने गांव में शराब की दुकानों को बंद करने के लिए एक साथ आई हैं। आजीविका एक्सप्रेस जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन बनाने में स्वयं सहायता समूहों की मदद की है। स्वयं सहायता समूह उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करके विभिन्न कार्यों को करने के लिए महिलाओं के कौशल में सुधार करने में सक्षम हुए हैं।

यह अनुमान लगाया गया है कि भारत की 25 मिलियन से अधिक ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाभान्वित किया गया है। एक समूह के रूप में वे पैसे के प्रबंधन के साथ-साथ बहुत सी चीजें सीखने में एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश महिलाओं को पैसे के प्रबंधन के बारे में बहुत कम जानकारी होती है। केरल में कुदुम्बश्री को बड़ी सफलता मिली है। कुदुम्बश्री कैफे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

वे उद्यमशीलता प्रशिक्षण, आजीविका प्रोत्साहन गतिविधि और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए वितरण तंत्र के रूप में भी कार्य करते हैं। क्षेत्रीय असंतुलन, आदर्श औसत ऋण आकार से कम, स्वयं सहायता समूह संघों द्वारा निगरानी और प्रशिक्षण सहायता की कमी जैसे मुद्दे हैं जैसे - स्वयं सहायता समूह के ऋणों की गैर-निष्पादित आस्तियों को बैंकों के पास बढ़ाना। कई अध्ययनों में शासन, गुणवत्ता, पारदर्शिता और उनके कार्यों में अनियमितता से संबंधित मुद्दे भी पाए गए हैं।

सरकारी कार्यक्रमों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा सकता है। यह न केवल पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करेगा बल्कि हमारे समाज को महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित स्वशासन के करीब लाएगा। स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा देने वाले संस्थानों से लगातार और स्थायी संरचनात्मक सहायता विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा सकते हैं।

समूह को सामूहिक बनाने के लिए सभी सदस्यों की समय-समय पर क्षमता निर्माण, डिजिटल वित्तीय समावेशन पर सरकार के ध्यान के साथ, तकनीकी प्लेटफार्मों की ओर संक्रमण के लिए समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण में निवेश करना इन समूहों के आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सही प्रकार की सहायता प्रदान करने में निवेश करना महत्वपूर्ण है। ग्रामीण भारत में विकास के इंजन के रूप में महिला उद्यमिता पर स्वयं सहायता समूह आंदोलन पर जोर जाति, धर्म या राजनीतिक संबद्धता के आधार पर सदस्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण ग्रामीण विकास के लिए एक सक्षम, सशक्त और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण है जिसने विकासशील देशों में कम आय वाले परिवारों को काफी आर्थिक और गैर-आर्थिक बाह्यता प्रदान की हैं। स्वयं सहायता समूह दृष्टिकोण को गरीबी का मुकाबला करने के लिए एक स्थायी उपकरण के रूप में सराहा जा रहा है, जो लाभ के लिए दृष्टिकोण का संयोजन है जो आत्मनिर्भर है, और गरीबी उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करता है जो कम आय वाले परिवारों को सशक्त बनाता है। यह तेजी से विकासशील देशों में सरकार के लिए विकासात्मक प्राथमिकताओं का प्रयोग करने का साधन बनता जा रहा है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**डॉ. सत्यवान सौरभ,**
बड़वा (सिवानी) भिवानी,
हरियाणा

# फूलों की जुबां से प्यार का इजहार

वैलेंटाइन दिवस जैसा अवसर हो और फूलों का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। अगर आप अपने दिल की बात जुबां से कहने की हिम्मत न जुटा पाएं तो आपका यह काम फूल बेहद आसान कर देते हैं। वैसे भी फूलों के बिना प्यार का इजहार तो अधूरा ही माना जाता है और जब बात फूलों की छिड़े तो फूलों के राजा गुलाब का तो कहना ही क्या! कवियों, शायरों से लेकर प्रेमियों तक की पसंद रहा है गुलाब। कहा जाता है कि गुलाब प्रेम की जड़ी-बूटी है। यह शांति, प्रेम, आदर, वीरता और क्षमा का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे तो प्रेमियों द्वारा एक-दूसरे को उपहारों के साथ-साथ गुलाब भेंट करने का भी सबसे अच्छा मौका है।

गुलाब की खासियत यह है कि यह हर रंग, हर शेड में मिलता है और गुलाब के हर रंग का अपना एक अलग अर्थ है अर्थात् गुलाब अपनी भाषा में आपकी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाता है। कहीं ऐसा न हो कि गुलाब के माध्यम से आप अपने प्रेमी अथवा प्रेमिका को जो संदेश देना चाहते हैं, गलत रंग के फूल के चुनाव से वह संदेश गलत अर्थ में आपके साथी तक पहुंचे, इसलिए अगर आप किसी को गुलाब दे रहे हैं तो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले आपके लिए यह जान लेना बहुत जरूरी है कि आपकी भावनाओं के हिसाब से किस रंग के गुलाब का चयन सबसे बेहतर रहेगा। आइए जानें विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों की भाषाः-

**लाल गुलाबः-** वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब का ही चलन सर्वाधिक है। सुर्ख लाल गुलाब अजर-अमर प्रेम तथा पैशन का प्रतीक है और इसका उपयोग प्रेम का इजहार करने के लिए ही किया जाता है। किसी के लिए आपके दिल में कितना प्यार है, यह लाल गुलाब से बेहतर भला और कौन व्यक्त कर सकता है। प्रेमी अथवा प्रेमिका द्वारा लाल गुलाब प्रेम पत्र की भांति दिया जाता है। यदि साथी लाल गुलाब को स्वीकार कर लेता है तो इसका अर्थ है कि उसे आपका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार है।

**गुलाबी गुलाबः-** यह सौम्यता, मित्रता और दिल की धड़कन का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर गुलाबी गुलाब देने का



अर्थ है कि दिल की धड़कन अब सिर्फ और सिर्फ तुम्हारे लिए ही धड़क रही है।

**सफेद गुलाबः-** यह गोपनीयता, मासूमियत, मौन, पवित्रता तथा सच्चे, निर्मल और आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक है। सफेद गुलाब सच्चे प्रेम और मस्तिष्क की शुद्धता को दर्शाता है।

**पीला गुलाबः-** यह सामाजिकता और मित्रता का प्रतीक है। मित्रता के प्रतीक के तौर पर इसका उपयोग वैलेंटाइन डे पर होता है लेकिन इसका सर्वाधिक प्रचलन फ्रैंडशिप डे पर ही देखने में आता है। पीला गुलाब देने का अर्थ यह भी है कि मैं तुमसे प्यार करता हूं पर तुम्हारे दिल में मेरे लिए क्या है, मैं नहीं जानता। यह प्रसन्नता और सौभाग्य का भी प्रतीक है।

**काला गुलाबः-** यह बिछुड़ते दिलों के लिए है और विदाई का प्रतीक है। यदि कोई जबरदस्ती आपके पीछे पड़ा है और आप उससे प्यार नहीं करते या किसी के साथ प्रेम संबंधों को जारी रखना अब आपके लिए संभव नहीं हो पा रहा तो जुबां से कुछ कहने के बजाय प्रेमपूर्वक उसे काला गुलाब दे दें, आपका काम हो जाएगा।

**गहरा बरगंडी गुलाबः-** यह अचेत सुंदरता का प्रतीक है। यह अपनी भाषा में कहता है, ''यू आर वैरी ब्यूटीफुल।''

**नारंगी गुलाबः-** यह भावनाओं, आकर्षण और अनंत प्यार का प्रतीक है।

**लाल-सफेद गुलाबः-** ये दोनों एक साथ देना एकता का प्रतीक है।

**लाल-पीला गुलाबः-** खुशी की भावनाओं का इजहार करते हैं।

**सफेद गुलाब की बंद कलीः-** इसका अर्थ है कि अभी आप मेरे प्यार के लिए बहुत छोटे हैं।

**गुलाब का एक फूलः-** सीधेपन का प्रतीक है।

**गुलाब की कलियांः-** संदेश देती हैं कि आप युवा और बहुत सुंदर हैं।

**खिले गुलाब के साथ रखी दो कलियांः-** सुरक्षा के आश्वासन की प्रतीक हैं।

**कांटेरहित गुलाब की डंडीः-**पहली नजर के प्रेम की प्रतीक है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**श्वेता गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

## वेलेंनटाइन डे भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं




### मातृ-पितृ दिवस बनाए

पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में हम भारतीय इतने अंधे हो गए हैं कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति- सभ्यता, रीति-रिवाज, परम्पराएँ, रहन- सहन, धर्म-आस्था, विश्वास, कर्तव्य आदि को लगभग भूलते जा रहे हैं।जो हमारी भारतीय संस्कृति के लिए कदापि उचित और न्याय संगत नही है।इस पर हमें चिंतन मनन करने की निहायत ही आवश्यकता है।और इसके भयंकर परिणाम के बारे सोचना चाहिए।

हमे यह सोंचना चाहिए कि हम कहाँ थे?क्या थे?और कैसे थे? और अब क्या हो गए? यदि इस पर तनिक भी विचार करेंगे तो हमे समझ मे आ जायेगा कि हमारी प्राचीन संस्कृति-सभ्यता कितनी भव्य और अद्भुत थी।जिसको पूरे विश्व ने आत्मसात किया।अनुकरण किया।यहाँ के धर्म,ज्ञान,ज्योतिष,तंत्र-मंत्र-यंत्र वास्तुशास्त्र,ललीत कला,संगीत कला,चित्र कला समृद्धि कितनी विकसित और सुविख्यात थी।और इसीलिए हमारे देश मे पूरे विश्व के बड़े-बड़े विद्वतजन टॉल्स्टाय जैसे लोग यहाँ पर आए और ज्ञान प्राप्त किए।हमारे देश की विद्यापीठ कहे जाने वाले तक्षशिला विश्वविद्यालय, नालंदा की विश्वविद्यालय, गुरुकुल परम्परा और ज्ञान-विज्ञान के लिए विश्व विख्यात थी।और आज हम पाश्चात्य संस्कृति के पीछे भाग रहे हैं।

14 फरवरी को विदेशों में ÷वेलेंटाइन डे÷ के रूप में मनाया जाता।यह उनकी अपनी संस्कृति है।हमे कोई दिक्कत नही है।अपनी संस्कृति धर्म परम्पराएँ आदि को मानने के लिए स्वतंत्र हैं।पर हम भारतीय बेवजह क्यों बाध्य हो रहे हैं? हम इसे क्यों मना रहे हैं?हम अपनी छबि क्यो खराब कर रहे हैं?यह चिंतन का विषय है।हमारी संस्कृति का यह अंग नही है।यह हमारी परम्परा के बिल्कुल खिलाफ है।इस दिवस को हम अपनी संस्कृति के अनुरूप ÷मातृ- पितृ÷ दिवस के रूप में मनाए तो ज्यादा सार्थक और उचित प्रतीत होगा। और हमारी संस्कृति का उत्थान होगा।हम निश्चित तौर पर परिष्कृत होंगे।हमारी प्राचीन संस्कृति और विकसित होगी।हमारे माता-पिता का सम्मान होगा।हमारे अंदर समाज मे देश मे संस्कार स्थापित हो पायेगा।और यह हमारे लिए गौरव की बात होगी।सम्मान की बात होगी।

हमारा देश विश्व गुरु कहलाता है।धर्म गुरु कहलाता है।यहाँ के धर्म आस्था विश्वास भक्ति भावना,देवी-देवता तीर्थ स्थल पूरे विश्व मे प्रसिद्ध है।और इसीलिए आज विदेशी लोग हमारी संस्कृति का अनुकरण कर रहे हैं।उनको शांति और सुकून मिल रहा है।यह गौर करने वाली बात है।विदेशों का जीवन ऐसो-आराम की तो है पर शांति नही है।हमारे देश मे शांति है।और इसी शांति की तलाश में विदेशी हमारे देश की ओर उन्मुख हो रहे हैं।और हम है कि उस शांति को नजर अंदाज कर रहे हैं।यह चिंतन का विषय है।



**अशोक पटेलआशु**
तुस्मा,
शिवारीनारायण
छत्तीसगढ़

## प्रेम दिवस

प्रेम नहीं कोई
दिवसीय या साप्ताहिक
आयोजन जिसमें अलग अलग
नामों से उसे मनाया
जाए देकर गुलाब, चॉकलेट, टेडी,
वादा, आलिंगन
क्या ये सच में प्यार है
या प्यार के नाम पर सिर्फ छल या
दिलासा।
प्रेम तो दिल से रूह से होता है न
जिसके लिए दिन , महीने, साल
तो क्या एक उम्र भी कम पड़ जाए
एक ऐसा पाक रिश्ता
जिसमें जज़्बात हो
कदर हो जैसे इबादत
न की सिर्फ आकर्षण
एक बुलबुला पानी भर का
प्रेम एक समर्पण है
प्रेम एक धड़कन है
प्रेम एक आराधना है
प्रेम एक संबल है
प्रेम तो बस प्रेम है
जिसे प्रेम ही रहने दो
रूह से मन का पवित्र रिश्ता
न की दिवसीय या साप्ताहिक
आडंबर।।



**.मीनाक्षी सुकुमारन**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

## पीड़ा का संगीत बजाकर

विरह व्यथा के दग्ध सेज पर,
एक दुखियारी सोई थी।
निर्मोही निर्मोक उतारो,
जाने वह कितना रोई थी।
ओ याद समन्दर से भी गहरा,
गजगामिनी सी आई आई थी।
एक सुनहरा सपन लिए,
झिझकी -सिसकी शर्माई थी।
अंग अंग कितनी कोमल है,
मानो सरिता सा निर्मल है।
दामिनी सी उसकी चंचलता,
नवल प्रात सा तन मन है।
आएगा प्रिय बाहुपाश मे,
हार गयी वह सांस सास मे।
जीवन की मधिम लौ कहती,
देखो कही आस पास में।
उसे हृदय की गीत सुनाकर,
पीड़ा का संगीत बजाकर।
छेडो मन का राग तराना,
शब्द शब्द मे प्रीति सजाकर।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



बिन्दू चौहान,
खलिलाबाद,
संत कबीर
नगर,उत्तरप्रदेश

# आओ सर्वोत्तम समृद्धि ,रोज़गार की ओर कदम बढ़ाएं,भारत को उत्तम से सर्वोत्तम देश बनाएं

वैश्विक स्तरपर आज हर व्यक्ति की चाहना होती है कि उसके पास अपनी और परिवार की जीविका चलाने के लिए, सुरक्षित जीवन जीने के लिए एक शासकीय नौकरी हो, रिटायरमेंट के बाद भरपूर पेंशन या एकमुश्त राशि मिले जिससे जीवन पर्यंत सुख चैन सुरक्षित रहे, यह सोच सदियों से रही है परंतु मेरा मानना है कि अब युग बदल गया है हर देश की जनसंख्या बढ़ती जा रही है परंतु उसके अनुपात में शासकीय या निजी पद नहीं बढ़ रहे हैं, इसलिए अब समय आ गया है कि मानुषी जीव अब स्वरोजगार की संस्कृति की ओर तेज़ी से अपने कदम बढ़ाए जिससे बढ़ती बेरोजगारी का अंत सुनिश्चित किया जा सकता है। परंतु यह कार्य या योजना कोई अकेले इंसान नहीं कर सकता इसलिए शासन प्रशासन और मानवीय जीव ये तीनों की सहभागिता ज़रूरी है, क्योंकि शासन प्रशासन द्वारा इसके लिए नीतियां रणनीतियां बनाकर विनियोग को बढ़ावा देना होगा जिसकी सहायता से स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु विनियोग के आधार पर उद्योग और सेवाएं का संयोजन हो या इसका दायरा बड़ो। कौशलता विकास को तेज़ी से दीप से दीप जलाकर फैलाना होगा ताकि संगठित और असंगठित क्षेत्र के मानव अपनी कौशलता से न केवल स्वरोजगार हो सकते हैं बल्कि अन्यों को भी रोज़गार उपलब्ध करा सकते हैं जिससे बेरोज़गारी का अंत होना निश्चित है। चूंकि भारत में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का एक दौर चल पड़ा है हालांकि इसे भारत के हर राज्य को अपनाना होगा तभी बेरोजगारी का नामोनिशान नहीं रहेगा।अभी दिनांक 12 फ़रवरी 2023 को यूपी में तीन दिवसीय सत्रोंका समापन राष्ट्रपति महोदया ने किया इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ सर्वोत्तम समृद्धि रोज़गार की ओर कदम बढ़ाएं भारत को उत्तम से सर्वोत्तम देश बनाएं।स्वरोजगार की संस्कृति बेरोजगारी दूर करने की कुंजी है,जिसे तेजी से अपनाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम यूपी में 12 फरवरी को समाप्त हुए वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की करें तो 10 से 12 फरवरी 2023 तक 34 सत्रों में चले इस निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन माननीय पीएम महोदय और समापन माननीय राष्ट्रपति महोदया ने किया जिसमें कई केंद्रीय मंत्रियों सांसदों विदेशी मेहमानों सहित देश के टॉप मोस्ट उद्योगपतियों ने भी भाग लिया और उम्मीद से अधिक करीब 33 लाख़ करोड रुपए के निवेश प्रस्तावों के करार हुए जिसमें अंदाजी 93 लाख नए रोज़गार सृजित होने की संभावना है जो तारीफ-ए-काबिल है।

साथियों बात अगर हम आंध्र प्रदेश में 3- 4 मार्च 2023 को होने वाले वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की करें तो, विशाखापत्तनम 3 और 4 मार्च को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री ने कहा कि सरकार भारत के प्रमुख शहरों के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, इज़राइल, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य देशों में शिखर सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो आयोजित करेगी। सीएम के निर्देश पर, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पादों, एयरोस्पेस और रक्षा, मोटर वाहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, शिक्षा और कौशल विकास, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में केंद्रित क्षेत्रों के लिए निवेश को आकर्षित करने के लिए एक मंच के रूप मेंआयोजन का उपयोग करने के उपाय किए जा रहे हैं। और आतिथ्य, स्वास्थ्य क्षेत्र, बुनियादी ढांचा, समुद्री और अन्य के बीच रसद, से समझाया। निवेशकों को राज्य की लंबी तटरेखा और बंदरगाह आधारित अर्थव्यवस्था के लाभों के बारे में समझाया जाएगा।10 बंदरगाहों और नौ मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों के साथ, सरकार आंध्र प्रदेश को पूर्वी तट पर भारत के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि एपी सरकार ने एयरोस्पेस और रक्षा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा उपकरण, औद्योगिक और सहित क्षेत्र-विशिष्ट निवेश को आकर्षित करने के लिए शिखर सम्मेलन के लिए 13 फोकस क्षेत्रों की पहचान की है। लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई और स्टार्टअप्स एंड इनोवेशन, पेट्रोलियम एंड पेट्रोकेमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स एंड लाइफ साइंसेज, रिन्यूएबल एनर्जी, स्किल डेवलपमेंट एंड एजुकेशन, टेक्सटाइल्स एंड अपैरल और टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी। सरकार उद्योग विशेषज्ञों के नेतृत्व में क्षेत्रीय पूर्ण सत्र आयोजित करेगी। लगभग ढाई साल के कोविड -19 ने इस कार्यक्रम को अब तक रोक दिया था, लगभग 2,500 प्रतिनिधियों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है और इससे अधिक आंध्र यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। एपी के सूचना मंत्री ने कहा है कि सरकार आंध्र प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -2023 के दौरान राज्य में कम से कम रुपए1.85 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

साथियों बात अगर हम मध्य प्रदेश में हुए, सातवें वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 11-12 जनवरी 2023 की करें तो, देश के सबसे स्वच्छ शहर और मप्र की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में 2 दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, इस इन्वेस्ट समिट में देश के कई प्रमुख उद्योगपति और निवेशक शामिल हुए थे। पीएम ने वर्चुअल तरीके से सातवें शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कर संबोधित भी था। इस दौरान पीएम कहा था आस्था और आध्यात्म से लेकर पर्यटन तक, एग्रीकल्चर से लेकर एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट तक मध्य प्रदेश अजब भी है, गजब भी है और सजग भी है। एमपी में यह समिट ऐसे समय में हो रही है, जब भारत की आजादी का अमृतकाल शुरू हो गया है। हम सभी विकसित भारत के निर्माण के लिए जुटे हुए हैं। यह हमारे लिए एसपिरेशन नहीं हर भारतीय का संकल्प है। दुनिया की हर संस्था, हर एक्सपर्ट इसको लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं।

साथियों बात अगर हम 10-12 अप्रैल 2023 को होने वाले पहले वैश्विक पर्यटन शिखर सम्मेलन की करें तो,भारत हाल में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और इसी दौरान भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा 10 से 12 अप्रैल 2023 को देश का पहला वैश्विक पर्यटन शिखर सम्मेलन देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होना है। इस आयोजन में सभी जी-20 के सदस्य देश आमंत्रित होंगे। पर्यटन मंत्रालय के निदेशक ने कहा कि भारत वैश्विक पर्यटन निवेशक शिखर सम्मेलन में पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों उदाहरण के लिए थीम पार्क, साहसिक पर्यटन जिसे एडवेंचर टूरिज्म के नाम से भी जानते हैं, और कल्याण पर्यटन यानि कि वैलनेस टूरिज्म में भी निवेश और व्यापार के मौके प्रदर्शित करेगा। सरकार का 2030 तक पर्यटन में लगभग 140 मिलियन नौकरियों का सृजन और 56 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित है। विशेष रूप से क्रूज पर्यटन, पारितंत्र पर्यटन और साहसिक पर्यटन पर ध्यान दिया जा रहा है, जैसा कि देखा भी जा सकता है कि यह ज्यादा लोकप्रिय रहे हैं।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ सर्वोत्तम समृद्धि, रोज़गार की ओर कदम बढ़ाए। भारत को उत्तम से सर्वोत्तम देश बनाएं। स्वरोजगार की संस्कृतिबेरोजगारी दूर करने की कुंजी है,इसे तेजी से अपनाना समय की मांग।हर राज्य द्वारा वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का आयोजन अपने समर्थकता के अनुसार आयोजित करना सुदूर समृद्धि और बेरोजगारी दूर करने की ओर कदम बढ़ाना है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**किशन सनमुख़दास भावनानी**
गोंदिया
महाराष्ट्र




# प्रभा श्री ग्रूप के सफलतम 4 वर्ष उन्नति का एक सफल सोपान

एक लक्ष्य, एक ध्येय, एक उद्देश्य, और दो व्यक्ति ! कुछ ऐसे आरम्भ हुआ था प्रभा श्री का, आज से 4 वर्ष पूर्व । तब से अब तक साहित्य यात्रा अनवरत जारी है। विभिन्न माध्यमों से साहित्यकारों को मंच प्रदान करना, सम्मान एवं नाम आगे बढ़ाने का जरिया देना, प्रभा श्री ग्रुप की सभी संस्थाएं इस कार्य में पूरी संलग्नता के साथ लगी हैं । आज प्रभा श्री साहित्य जगत में कोई नया नाम नहीं रह गया है । अब तक 10 हज़ार से अधिक रचनाकारों को मंच पर आमंत्रित तथा सम्मानित किया जा चुका । दिल्ली, भोपाल तथा बनारस में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अब तक 1800 से अधिक कवि/ शायर काव्य पाठ करके सम्मानित हो चुके । विगत 4 वर्षों में 54 किताबें प्रकाशित की जा चुकीं । प्रभा श्री अवसादग्रस्त एवं कुंठाग्रस्त महिलाओं को स्वाभिमानी एवं आत्मविश्वासी बनाने तथा उनके व्यक्तित्व को उभारने तथा बालिका शिक्षा की दिशा में भी कार्य करता है । नव पीढ़ी को उत्तम आचार, विचार, व्यवहार, संस्कार की कक्षाएं चलती हैं। समाज के अंतिम छोर तक कुछ मूलभूत सहायता तथा राशन आदि की व्यवस्था इत्यादि किये जाते हैं । प्रभा श्री न सिर्फ स्थापित प्रसिद्धि प्राप्त कवियों को अपितु साथ ही साथ नवांकुरों को भी उतने ही आदर से मंच प्रदान करता रहा है । इसी श्रृंखला में काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। गत रविवार 12 फरवरी के इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम डॉ राजीव राज (इटावा), रवि शुक्ल (बीकानेर), पंकज अंगार (ललितपुर), जयकृष्ण चांडक (हरदा), गोविंद गुरु (धौलपुर), राम लखन शर्मा (ग्वालियर), मयंक वैद्य (पुणे), अमित आज़ाद (जयपुर), डॉ निर्दोष कुमार प्रेमी (शिकोहाबाद), उत्साह जैन (झालावाड़)। सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच तथा अन्य क्रियाकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोता दीर्घा से हरदा के जाने माने ग़ज़लकार जयकृष्ण चांडक एवं दिल्ली की शिक्षिका डॉ0 वनिता शर्मा ने अपनी एक-एक शानदार ग़ज़ल से महफ़िल लूट ली। तत्पश्चात मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की ग़ज़ल के उपरांत मुंबई की वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती की श्रेष्ठतम गजल के पश्चात माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रूप के अंतर्गत सभी कार्य उन्हीं की प्रेरणा एवं दृषिकोण के मद्देनज़र से आयोजित किये जाते हैं। पुष्पा अवस्थी स्वाती ने कहा प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की और बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच स्वाती जी के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**पुष्पा अवस्थी स्वाती**
मुम्बई

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं की लगातार हो रही टारगेट किलिंग

## बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के विरोध में निकाली गई टॉर्च रैली



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

बस्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए भाजपा नगर मंडल अंबिकापुर ने रविवार को महामाया चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और टॉर्च रैली निकाल कर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार में तत्कालीन गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को खोजते रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में एवं मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला के नेतृत्व में टॉर्च जला कर घड़ी चौक तक रैली निकाली गई। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं की लगातार टारगेट किलिंग हो रही है, समूचे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, जिस सरकार में आमजन सुरक्षित न हों, जहां लोकतंत्र की हत्या खुल्लेआम हो रही हो ऐसी सरकार को जाना हीं होगा। अंबिकापुर मंडल प्रभारी त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र में दुरुस्त कानून व्यवस्था का बड़ा महत्व है, लेकिन पूरे प्रदेश में माफियाओं का राज हो गया है, भाजपा के सरकार में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में नक्सली गतिविधियां शून्य हो गई थी और अब कांग्रेस सरकार में पुनः चरम पर पहुंच गई है।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, दीपक सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में मृतक भाजपा कार्यकर्ताओं को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर राज बहादुर सिंह शास्त्री, मंजूषा भगत, फुलेश्वरी सिंह, अरुणा सिंह, अंबिकेश केसरी, संतोष दास, विकास पांडे, रूपेश दुबे, अजय प्रताप सिंह, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा, नकुल सोनकर, निश्चल प्रताप सिंह, नीलेश सिंह, संजीव वर्मा, सर्वेश तिवारी, कृष्ण कुमार शर्मा, निरंजन राय, अनुराधा गोस्वामी, गायत्री सिंह, नीलम राजवाड़े, प्रियंका चौबे, पूनम सिंह, अनामिका पैकरा, सुनील बघेल, पंकज गुप्ता, गणेश्वरी चौहान, विकास शुक्ला, दीपक यादव, गणेश कुशवाहा, सालेम केरकेट्टा, दुर्गा शंकर दास, रवि जसवाल , अंजनी दुबे, गौतम विश्वकर्मा, विमल मंदिलवार, मनोज प्रसाद, वसीम अंसारी, विनीत मिश्रा, भोलू सिंह सेंगर, अमोघ कश्यप, संतोष जायसवाल, मुकेश मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, गोलू यादव, रौनी मिश्रा एवं नेपाल इतवार सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

# ईट भट्ठा में सो रहे तीन लोगों की दम घुटने से मौत



- संवाददाता -
बलरामपुर, 13 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के गणेश मोड़ चौकी अंतर्गत ग्राम खजुरी तुहलू पत्थरपारा में ईट भट्ठा में सो रहे ईट मालिक सहित तीन मज़दूरों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम तीनो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने बताया कि ग्राम खजूरी पत्थरपारा निवासी 28 वर्षीय राजदेव चेरवा पिता सुखू राम चेरवा अपने खेत में करीब 25000 ईट बनाया था। रविवार को अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ मिलकर गमला ईट भट्ठा लगाकर दोपहर करीब एक बजे ईट भट्ठा में आग लगा दिया था।

मृतक राजदेव अपने सहयोगी अजय चेरवा, बनवा व अनुज चेरवा के साथ मिलकर गमला ईट भट्ठा के ऊपर सो गए थे। रात्रि करीब 2 बजे अजय ईट भट्ठा के नीचे गिर गया इसके बाद अपने साथियों को उठाने का प्रयास किया नही उठने पर अजय शोर मचाया। सोमवार को सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों के मदद से मृतक 28 वर्षीय राजदेव पिता सुखू चेरवा, 42 वर्षीय बनवा पिता ईश्वर दोनो निवासी तूहलू पत्थरपारा व ग्राम असोला अंबिकापुर निवासी 19 वर्षीय अनुज पिता नंदलाल की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर तीनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



## खाद्य मंत्री ने शैक्षणिक संस्था केरियर पॉइंट का किया शुभारंभ

अंबिकापुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

राजस्थान के प्रसिद्ध व राष्ट्रीय स्तर का शैक्षणिक संस्था केरियर पॉइंट कोटा राजस्थान के अम्बिकापुर सेंटर का शुभारंभ रविवार को खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केरियर पॉइंट कोटा राजस्थान के अम्बिकापुर सेंटर खुलने से संभागवासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है। इस दौरान सेंटर के डायरेक्टर सुधीर शर्मा बताया कि अब सरगुजा संभाग के विद्यार्थियों को नीट व जेईई इत्यादी की तैयारी के लिए कोटा नहीं जाना पड़ेगा। कोटा की तर्ज पर अनुभवी शिक्षकों द्वारा अब यहां गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी। इस दौरान केरियर पॉइंट के शिक्षक, स्टाफ के साथ-साथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क सत्याग्रह के तहत मार्च ऑफ लव निकालकर करेंगे सीएम से प्रेम का इजहार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रदेश की सड़क को गड्ढा मुक्त करने की बात कही थी, पर आज तक सड़कों में गुणात्मक परिवर्तन नहीं आ पाया है। नेशनल हाईवे हो या शहर की सड़कें इनकी बदहाली दूर नहीं हो पाई है, ऐसा लगता है सरगुजा संभाग के लोगों से मुख्यमंत्री रूठे हैं। ऐसे में 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे के मौके पर शहर के ब्रह्म मंदिर चौक से कलेक्टोरेट तक सरगुजा संभाग के लोगों के साथ सड़क सत्याग्रह के तहत मार्च ऑफ लव निकाल कर कलेक्टर सरगुजा के माध्यम से मुख्यमंत्री तक प्रेम का इजहार किया जाएगा। उक्त बातें पेशे से चिकित्सक व सड़क सत्याग्रह के प्रेरणास्त्रोत डॉ.योगेंद्र गहरवार ने सोमवार को सरगुजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। बीते माह वे शहर के 48 वार्डों के सभी पार्षदों से रू-ब-रू हुए। इस दौरान सामने आया कि अंबिकापुर शहर की सड़कों के सुधार, डामरीकरण के लिए 30 करोड़ रुपये, ट्रांसपोर्टनगर के लिए 15 करोड़, ड्रेनेज की व्यवस्था में सुधार के लिए नाला निर्माण हेतु 15 करोड़, विद्युतीकरण के लिए 10 करोड़, सीसी सड़क निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये की मांग की गई, लेकिन इसकी फाइल पेंडिंग है। ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चुनावी बजट में शहर वासियों की सुविधा के लिए 100 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज देने की मांग की गई है। विश्वास है, सड़क सत्याग्रह में शामिल सरगुजा वासियों की मांग वे मानेंगे। डॉ.योगेंद्र गहरवार ने कहा कि सरगुजा में विपक्ष का एक भी विधायक नहीं होने से सही तरीके से जनता को मांग




उठ नहीं पा रही है। शोर-शराबा के बाद सड़कों के सुधार का कार्य जगह-जगह शुरू हुआ, लेकिन निर्माण कार्य घटिया होने लगा। इसका हमने निरीक्षण किया और निगम आयुक्त व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तक सेंपल देकर इस ओर ध्यान दिलाया। इसके बाद गुणवत्ता की ओर अधिकारियों का ध्यान गया, फिर भी पूरी तरह से गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रखा गया। हमारी मांग है, जिस सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां बोर्ड लगाकर लागत, समय-सीमा, निर्माण एजेंसी स्पष्ट उल्लेखित हो। डॉ.योगेंद्र गहरवार ने कहा कि जनता की सोच थी अंबिकापुर विधायक टीएस सिंहदेव को मुख्यमंत्री बनाया जाए, ऐसा नहीं हो पाया। इसके बाद भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जनता का अटूट प्रेम मिला। प्रचंड बहुमत के बीच सरगुजा से विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया। प्रदेश में विपक्षी पार्टी को कुछ सीटें मिली, लेकिन सरगुजा में एक भी सीट विपक्ष के हाथ नहीं आई। ऐसे में लगता है अंबिकापुर विधायक समर्थक जनता होने के कारण मुख्यमंत्री रूठे हैं। उन्हें मनाने के लिए मार्च ऑफ लव किया जाएगा, ताकि अंतिम चुनावी बजट में कम से कम एक सौ करोड़ के बजट का प्रावधान हो और सरगुजा के सड़कों की दुर्गति दूर करने गुणवत्तायुक्त पहल हो सके।



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा अंचल के लगभग 70 लोक वाद्यों की गई प्रस्तुति

» देश और विदेश के देश शोधार्थियों, विद्वान और विषय विशेषज्ञों ने दी अपनी- अपनी प्रस्तुति

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार रायपुर और रजत जयंती हॉल केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ कला, पर्यटन, पुरातत्व एवं संस्कृति कार्य समूह के सदस्य राज्यपाल पुरस्कृत अजय कुमार चतुर्वेदी ने सरगुजा अंचल से विलुप्त होते लोक वाद्यों और परंपरा से दूर होते लोकगीतों को प्रस्तुति दे कर सरगुजा अंचल को गौरवान्वित किया। भारतीय और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सहभागिता के बहुआयामी पहलू विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (भारत), भारतीय इतिहास संकलन समिति, छत्तीसगढ़ प्रांत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली, नव नालंदा महाविहार, नालंदा, बिहार, केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ (यूपी), सांची बौद्ध विश्वविद्यालय - भारतीय अध्ययन, सांची (म.प्र.), शहीद महेंद्र कर्म विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था।





अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में देश-विदेश के शोधार्थियों, विद्वानों ,इतिहासकारों और विषय विशेषज्ञों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में अजय चतुर्वेदी ने सरगुजा अंचल पर विशेष प्रस्तुति ÷सरगुजा अंचल के संस्कृति से जुड़े लोक वाद्य और लोकगीत÷ विषय पर दी। उन्होंने बताया कि सरगुजा अंचल की लोक वाद्यों में शेर को रिझाने और भागाने की क्षमता होती थी। वर्तमान परिवेश में इस ओर ज्यादा ध्यान न देने के कारण और आधुनिकता की आड़ में अब धीरे-धीरे हमारी लोक संस्कृति, लोक परंपराएं नष्ट होती जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर और सरगुजा आदिवासी बहुल अंचल में पहले लोक वाद्यों की बहुलता थी। संरक्षण के अभाव में लोक वाद्य विलुप्त होते जा रहे हैं। मूर्त धरोहर लोक वाद्यों को संरक्षित कर ही अमूर्त संस्कृति को बचाया जा सकता है।

सरगुजा के लोक-वाद्यों को देखने और सुनने से ऐसा लगता है कि इसका प्राचीन नाम %सुरगुंजा' इन वाद्यों और सुरीली आवाज़ों की ही देन है। सरगुजा अंचल में पहले लोक वाद्यों की आवाज से देवी-देवता, मनुष्य और जंगली जानवरों को रिझाया जाता था। झुनका बाजे (शिकारी बाजा) की आवाज से शेर भी रिझ कर दौड़ा चला आता था और घूमरा बाजे की आवाज से दूर भागता था।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा अंचल से लगभग 70 लोक वाद्यों को प्रस्तुत किया।

### अब तक 70 लोक वाद्यों का कर चुके हैं खोज

सरगुजा अंचल से विलुप्त होते प्राचीन लोक वाद्यों पर खोजकर्ता व्याख्याता अजय चतुर्वेदी ने सरगुजा अंचल से लगभग अभी तक 70 लोक वाद्यों की खोज कर उनकी आवाजों को पुनर्जीवित कर सुरक्षित किया है। इनके वाद्य यंत्रों पर आधारित 14 कड़ियों में आकाशवाणी अुबिकापुर से धारावाहिक रूपक भी प्रसारित हो चुका है।

### लोक संस्कृति को बचाने की जरूरत

आज सरगुजा की लोक संस्कृति को बचाने के लिए इस बात की नितांत आवश्यकता है कि एक ऐसा संग्रहालय विकसित किया जाए जिसमें सरगुजा अंचल के विलुप्त होते लोक संस्कृति की निशानियों को संजो कर रखी जा सके। आज इन लोक वाद्यों की आवाज मानों रूंधे हुए स्वर में यही कह रही हैं कि हमें सुरक्षा और पुनर्जीवन चाहिए। क्योंकि हम कोई और नहीं, सरगुजा अंचल के वही पारंपरिक वाद्य हैं, जिनकी पहचान आज भी अंचल के नाम के साथ जुड़ी है। सुरों से गुंजित होने वाला हमारा सरगुजा।

# पत्नी से विवाद होने पर शराबी पति ने टांगी से वार कर की हत्या

- संवाददाता -
सीतापुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कतकालो डुमरपारा में रविवार की रात शराबी पति ने सो रही पत्नी के गर्दन पर टांगी से हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और हत्या में प्रयुक्त टांगी समेत हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी अनुसार मैनपाट ब्लॉक के तराई गांव कतकालो डुमरपारा निवासी बीरधन डोरा पिता स्व मेलन माझी विगत कई दिनों से शराब पीने के बाद घर न जाकर गांव में घूम रहा था। रविवार की रात आरोपी नशे की हालत में घर पहुंचा। जिसे देख उसकी पत्नी ने नाराजगी जाहिर करते हुए विगत कई दिनों से घर न आने का कारण पूछा। पत्नी की यह बात पति को नागवार गुजरी और उसने घर में रखी टांगी से सो रही पत्नी बारीक डोरा के गर्दन पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त टांगी समेत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, आरक्षक पंकज देवांगन, धनकेश्वर यादव, अभिषेक राठौर, जोगी बड़ा उपस्थित थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की कार्यकारणी की हुई घोषणा, कुसमी ब्लाक से प्रदीप बने उपाध्यक्ष व दिलीप महामंत्री





- संवाददाता -
कुसमी, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर और भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जयसवाल के सहमती से ओबीसी मोर्चा के बलरामपुर की कार्यकारिणी की घोषणा ओबीसी जिलाध्यक्ष ने कि जिसमे कुसमी ब्लाक क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप गुप्ता को ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष के पद का दायित्व दिया गया है तो वहीं दिलीप गुप्ता को दोबारा महामंत्री पद का दायित्व दिया गया है,जानकारी के मुताबिक प्रदीप गुप्ता भाजपा में सक्रिय भूमिका में रहते है वे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सहित ग्राम पंचायत जमीरा पाठ से जनता के द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि भी रह चुके है।वही दिलीप गुप्ता भी भाजपा में सक्रिय भुमिका में रहते है और अब पिछड़ा वर्ग की कार्यकारणी में इन्हें जगह मिली है, पिछड़ा वर्ग के कार्यकारणी के घोषणा के पश्चात से ही इनके शुभ चिंतको में हर्ष व्याप्त करते हुए इन्हें बधाई भी दिया जा रहा है।

# गंगोटी में पेयजल संकट दूर करने की मांग



सूरजपुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत गंगोटी में पेयजल की समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि सौरभ साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ट्यूबवेल में पाइप वृद्धि कराने की मांग की है।गंगोटी में नल जल योजना संचालित है ट्यूबबेल के द्वारा पानीटंकी में जल संग्रहण किया जाता है लेकिन ट्यूबवेल में जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिससे पानी टंकी नही भर पाता जिससे घरों तक पानी नही पहुंच पाता जिसके कारण ग्रामवासियों को पेयजल संकट पैदा हो गया है।पेयजल आपूर्ति हेतु युवा नेता ने ट्यूबवेल में 50 फीट पाइप बढ़ाने के लिए जिला कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है जिससे ग्राम पंचायत में निवासरत सभी ग्रामीणों को नल जल योजना से पानी मिल सके।उन्होंने बताया है कि ग्राम के लोग वर्तमान में जल संकट से जूझ रहें है लेकिन आने वाले गर्मी के दिनों में यह जल संकट विकराल रूप ले लेगा।



# आप पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया पार्टी के कामकाज से प्रभावित होकर एक नही बल्कि कई लोग आप पार्टी से जुड़े

- संवाददाता -
कुसमी, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आम आदमी पार्टी के लोगो के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया गया कि दिनाँक 12 फरवरी 2023 को आम आदमी पार्टी के कुसमी ब्लॉक अध्यक्ष रूबेन्द्र लकड़ा के द्वारा विधानसभा सामरी के कुसमी ब्लॉक में ग्राम रातासिली में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें रातासिली ग्राम के निवासी एवं रिटायर शिक्षक राजेन्द्र बेक अपने साथ लगभग चालीस लोगों के साथ आम आदमी पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया और आम आदमी पार्टी की संगठन को मजबूत बनाने की बात कही है, इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री शकील अंसारी ने कहा कि संगठन के कायकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं इसलिए आम आदमी पार्टी में अधिक से अधिक कार्यकता जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में प्रिया टोप्पो, इरशाद आलम, फिलमोंन तिर्की, अरमान मलिक, फिलोमीना टोप्पो, किशोर तिर्की, मोहम्मद ख़ालिद,पंखरा सीयूस, श्याम लाल, सुरेश खलखो, पारो, मुक्ति क्लारा सुरेश व अन्य लोग शामिल रहे।

# एमसीबी गोगपा अध्यक्ष ने कहा छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन मांगे क्यों नहीं करती पूरी ?

» छत्तीसगढ़ सरकार कार्यप्रणाली समझ के परे।

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एमसीबी जिलाध्यक्ष केवल सिंह मरकाम प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की इस सरकार में शासन प्रशासन निरंकुश दिख रही है यहां पर शिकायतों से लेकर मांग पर कोई कार्यवाही नहीं होती ऐसा लगता है कि शिकायत वह मांग इनके लिए कोई मायने नहीं रखता, जबकि सरकार में शिकायत व मांग हमेशा ही प्राथमिकता रही है ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की कार्यप्रणाली जनहित में बची ही नहीं लोगों की शिकायत जाती है और वह ठंडे बस्ते में रख दी जाती है या फिर उसे फाड़ कर फेंक दिया जाता है हमने दिनांक 28/09/2022 एमसीबी जिला कलेक्टर को अंग्रेजी शराब दुकान में हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिसका जवाब कलेक्टर द्वारा क्रमांक/349 वरिलि0/2022 एमसीबी दिनांक 11/10/2022,1-जिला आबकारी अधिकारी जिला कोरिया ( छ.ग.) पत्र भेज पृ0 कमांक/350/ वरि0 लि0/2022 एमसीबी दिनांक 11/10/2022 पत्र द्वारा हमें सूचना मिली। प्रेस मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से यह जानना चाहता हूं। हमने आवेदन पांच महीने पहले दिया हुआ है। शराब दुकान हटाने में क्यों विलंब हो रहा है। शासन-प्रशासन इस विषय पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताएं शराब दुकान क्यों नहीं हटाई जा सकती? जल्द से जल्द शराब दुकान अगर नहीं हटाई गई गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अंग्रेजी शराब को लेकर, अंग्रेजी शराब की दुकान का घेराव करने के लिएबाध्य हो जाएगी, जिसकी पूरी जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। जनहित के मुद्दे पर सरकार की चुप्पी साधने से काम नहीं चलेगा। आज कांग्रेस सत्ता पर इसलिए विराजमान हुई क्योंकि पहले तो कहा शराबबंदी की जाएगी अब जगह जगह पर शराब दुकान देखने को मिल रहा है। आवेदन निवेदन कर रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस की सरकार एवं मनेंद्रगढ़ के जनप्रतिनिधि गण इस पर कुछ बोलने से क्यों बच रहे है? हमने आवेदन पांच माह पूर्व निम्नलिखित शराब की दुकान को लेकर ज्ञापन सौंपा था शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकान मनेंद्रगढ़ शहर से दूर करने बाबत, निवेदन किया था की शहर के बीचो बीच शासकीय शराब की दुकान है उसे यहां से हटाकर कम से कम 5 किलोमीटर दूरी पर खोला जाए। वजह आए दिन स्कूल के छात्र शराब के शिकार हो रहे हैं। पूर्व में यह शराब की दुकान मनेन्द्रगढ़ से दूर ही रही है पता नहीं किस वजह से इसे शहर के बीचो-बीच खोला गया। शहर में शराब की दुकान दूर खोली जाए एवं शराब दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। जिससे कम उम्र के नौजवानों शराब ना दिया जाए। कम उम्र के युवा नौजवान शराब अगर लेने आते हैं। आधार कार्ड की मांग की जाए क्योंकि अधिकांश करके युवा शराब के आदी होते जा रहे हैं।

# नशे के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही,नशीली इंजेक्शन सहित एक महिला गिरफ्तार

सूरजपुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देश पर अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 12.02.2023 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम कल्याणपुर निवासी जैनब खातून अपने घर में अवैध रूप से नशीली दवाई इंजेक्शन विक्रय करने हेतु रखी है और ग्राहक के आने पर बिक्री करती है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने सूचना के आधार पर विधिवत दबिश देते हुए जैनब खातून के घर परछी में छुपाकर रखे बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन 4 नग, रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 20 नग, एविल इंजेक्शन 25 नग कुल 49 नग इंजेक्शन तथा सिरिंज 75 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 10 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी जैनब खातून पति समीर अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी कल्याणपुर, थाना सूरजपुर को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालीब शेख, राहुल गुप्ता, प्रदीप उपाध्याय, आरक्षक रामकुमार नायक, हरिशंकर सिंह, राधेश्याम साहू, महिला आरक्षक चिंता पैंकरा व चंदा भास्कर सक्रिय रहे।

# शिवप्रसादनगर रेलवे स्टेशन फिर से हो आबाद,ग्रामीणों की मांग



कलेक्टर सहित पीएम,सीएम को ज्ञापन

- संवाददाता -
सूरजपुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम शिवप्रसादनगर के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर रेलवे स्टेशन के विस्तार व मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व रेलों के स्टापेज शुरू करने की मांग की है।ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, रेल मंत्री, सांसद सरगुजा, विधायक भटगांव को भी दिया है।ज्ञापन में शिवप्रसाद नगर रेल्वे स्टेशन को मूलभूत सुविधाओ के साथ संचालित करने की मांग की गई। उसके साथ ही दुर्ग से अंबिकापुर, अंबिकापुर से दुर्ग चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को शिवप्रसाद नगर रेल्वे स्टेशन में पुन÷ रोकने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा किया। कोरोना काल के समय से एक्सप्रेस ट्रेन को इस स्टेशन में नही रोका जा रहा है।। इस स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ो यात्री यात्रा करतें हैं। इसमें भैयाथान,ओडगी, रामनुजनगर विकासखंड के साथ ही,ओडगी से लगे मध्यप्रदेश के सिंगरौली के लोग भी इस स्टेशन से यात्रा करतें हैं। कई ग्राम पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।इसमें सत्या सिंह करौंदामुंडा सरपंच, मंत्रीलाल काशी, विवेक, चौरसिया,वसीम अकरम, अशोक पैकर, योगेश सिंह, प्रेम सिंह, कमलेश्वर सिंह,अभिषेक मरावी, योगेश सिंह, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, सत्या सिंह, संजय पैकरा, रवींद्र पैकरा, उजित पैकरा, शिव सिंह, सुनील सिंह,अरविंद कांशी एवं अन्य ग्रामीण थे।

# बिहारपुर में फिर बाघ की धमक, लुल गांव में दिखा बाघ,दहशत

- संवाददाता -
सूरजपुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पड़ोसी कोरिया जिले में आतंक का पर्याय बन चुके बाघ की धमक से बिहारपुर चांदनी के लोग एक बार फिर दहशत में है।करीब एक माह पूर्व ग्राम नवाटोला में बाघ की धमक हुई थी तब बकरियों को



अपना शिकार बनाया था उसके बाद वापस लौट गया था लेकिन कल दिन में ग्राम लुल में अचानक बाघ पहुँच गया और बाघ की चपेट में आने से एक आठ साल की बच्ची बच गई।बताया गया है कि रविवार को घर के सामने पूर्व सरपंच तेजबली की 8 वर्ष की पुत्री खेल रही थी कि इसी दौरान बाघ की चिंगाड से समूचा इलाका दहल गया और आनन फानन में बच्ची को घर के अंदर किया तथा गांव वालों ने हल्ला बोल कर बाघ को रिहायशी बस्ती से दूर जाने को विवश किया।मगर गांव के आसपास बाघ की धमक से एक बार फिर समूचे इलाके के लोग दहशत में है।इसकी सूचना गुरु घासीदास उद्यान व फारेस्ट कर्मियों को दी गई है। ताकि सुरक्षा के लिहाज से समुचित कदम उठाया जा सके।

# अवैध कोयला के कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की है पैनी नजर,55 हजार रूपये कीमत के 11 टन कोयला जफ्त



- संवाददाता -
सूरजपुर, 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अवैध कोयला के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सूरजपुर पुलिस एक्शन में है और प्रभावी नियंत्रण के लिए पैनी नजर बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अवैध कोयला के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं लगातार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 55 हजार रूपये कीमत के 11 टन कोयला जप्त किया है।

दिनांक 12.02.2023 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला ग्राम राजापुर स्कूलपारा में यशवंत राजवाड़े के चिमनी ईटभट्ठा के पास अवैध रूप से कोयला संग्रहित कर रखा गया है। एसडीओपी प्रकाश सोनी के नेतृत्व में थाना रामानुजनगर की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और 11 टन कोयला कीमत करीब 55 हजार रूपये का लावारिश हालत में पाए जाने पर धारा 102 जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर जप्त किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक फिरोज खान, जयप्रकाश कुजूर, आरक्षक गणेश सिंह, धनंजय साहू, नगर सैनिक मानसाय, पंकज पटेल व नरेन्द्र साहू सक्रिय रहे।










# राज परिवार में जन्में स्व.डॉ.रामचंद्र सिंहदेव ने फकीर का जीवन जिया:मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम वित्त मंत्री कोरिया कुमार डॉ. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा का किया अनावरण

- बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी कोरिया कुमार का पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के विकास को रहा समर्पित
- डॉ सिंहदेव की जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री ने साझा की राजनीतिक और व्यक्तिगत स्मृतियां
- समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की,मुख्यमंत्री ने 10.99 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन









बैकुण्ठपुर 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश के प्रथम वित्त मंत्री, कोरिया कुमार के नाम से विख्यात स्वर्गीय डॉ रामचंद्र सिंहदेव की जयंती अवसर पर कोरिया जिला के मुख्यालय बैकुंठपुर के घड़ी चौक में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। आज यह चौक कोरिया कुमार को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा इस अवसर पर जिले में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया जिसमें नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर हेतु 7.63 करोड़, नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा हेतु 2.86 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों सहित 50 लाख की लागत के बैकुण्ठपुर सर्व आदिवासी समाज सामुदायिक भवन सहित कुल 10.99 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, गृह, लोक निर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो एवं संचालक, सीजीएमएससी व मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय डॉ. रामचंद्र सिंहदेव को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन छत्तीसगढ़ को समर्पित रहा। उनके चिंतन के केंद्र में छत्तीसगढ़ और कोरिया हमेशा से रहा और यहां के विकास के बारे में वे हमेशा चर्चा करते रहे। वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। श्री बघेल ने कहा कि कोरिया कुमार डॉ. सिंहदेव ने भले ही राजपरिवार में जन्म लिया पर उन्होंने एक फकीर का जीवन जिया। उनका जीवन बेहद सादगीपूर्ण रहा। वे आजीवन मितव्ययी रहे।



### 1967 में वे विधायक और मंत्री बने तब आधे विभाग उनके पास

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह आदिवासी अपनी आवश्यकतानुसार ही प्रकृति से लेते हैं, संग्रहण करके नहीं रखते, उसी तरह कोरिया कुमार अपने जीवन में रहे। मुख्यमंत्री ने अपने पीएचई मंत्री के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस दौरान उनके वाटर रिचार्जिंग के काम का अध्ययन करने स्वयं डॉ सिंहदेव क्षेत्र के निरीक्षण के पर पहुंचे थे। उनकी विशेषज्ञता जलप्रबंधन और सिंचाई परियोजनाओं में रही। डॉ सिंहदेव के साथ उनके पारिवारिक संबंध भी रहे। वे हमेशा बच्चों से घुल-मिल कर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 1967 में वे विधायक और मंत्री बने तब आधे विभाग उनके पास थे। योंजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय सेवायें दीं। जब छत्तीसगढ़ बना तो वे प्रदेश के पहले वित्त मंत्री बने। आज छत्तीसगढ़ की जो प्रगतिशील अर्थव्यवस्था है उसकी नींव में उनकी सोच और विचार हैं। उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का जो आधार रखा, उसी पर आज छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ सिंहदेव हमेशा कहते कि मुझे कुमार साहब मत कहो, अंकल कहो। ऐसे सादगी पसंद और मिलनसार व्यक्ति का ना रहना निश्चित रूप से हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है।

### श्रम कानून बनाने और मध्यान्ह भोजन योजना में कोरिया कुमार के पिता स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव का था योगदान

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने श्रम कानून बनाने और मध्यान्ह भोजन योजना में कोरिया कुमार के पिता स्वर्गीय श्री रामानुज प्रताप सिंहदेव के योगदान का भी उल्लेख किया, जो आज पूरे देश में लागू है। उन्होंने कहा कि कोरिया कुमार का स्नेह और दुलार सदैव उनके साथ रहा। मैं आज इस अवसर पर उस महान व्यक्तित्व को, जिन्होंने अपना पूरा जीवन प्रदेश के विकास को समर्पित किया, उन्हें सादर नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर जिले में लगभग 10.99 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, इन कार्यों में नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर हेतु 7.63 करोड़ रूपये, नगरपालिका परिषद शिवपुर-चरचा हेतु 2.86 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों सहित 50 लाख की लागत से बैकुण्ठपुर में सर्व आदिवासी समाज का सामुदायिक भवन शामिल है।

### कुशल राजनीतिज्ञ,जलप्रबंधन में विशेषज्ञता और फोटोग्राफी में गहन रुचि डॉ सिंहदेव की पहचान

''कोरिया कुमार'' के नाम से विख्यात स्वर्गीय डॉ. रामचंद्र सिंहदेव का जन्म जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में 13 फरवरी 1930 को हुआ। डॉ सिंहदेव 1967 से 2000 तक अविभाजित मध्यप्रदेश में विधानसभा के सदस्य, सिंचाई मंत्री और राज्य योजना मंडल के उपाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ बनने के पश्चात वे राज्य के पहले वित्तमंत्री बने। उनकी स्कूली शिक्षा राजकुमार कॉलेज रायपुर और उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुई, जहां से उन्होंने रसायनशास्त्र में एमएससी और समाजशास्त्र में पीएचडी की उपाधियां प्राप्त कीं। उनकी अभिरुचि फोटोग्राफी, पुस्तक लेखन में रही। सिंचाई, योजना, आर्थिकी के उन्नत स्वरूपों पर उनका मौलिक चिंतन रहा, जनहित के मुद्दों पर आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय सेमीनार में उनकी हमेशा सक्रिय हिस्सेदारी रही। जर्मनी स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा कुशल जलप्रबंधन हेतु उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# पहले संजय चौक,फिर घड़ी चौक और अब अंततःकोरिया कुमार चौक के नाम से जाना जाएगा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का मुख्य चौक






- पहले संजय चौक,फिर घड़ी चौक और अब अंततःकोरिया कुमार चौक के नाम से जाना जाएगा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का मुख्य चौक
- क्या अंबिका हुईं कांग्रेस प्रत्याशी तो फिर काका के नाम पर होगी राजनीति ?
- स्व.डॉ.रामचंद्र सिंहदेव की जयंती के बहाने शक्ति प्रदर्शन कर दिया कुछ ऐसा ही संदेश

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पहले संजय चैक, फिर घड़ी चैक और अब अंततः कोरिया कुमार चौक के नाम से जाना जाएगा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का मुख्य चौक, कांग्रेस शासन काल में नगरपालिका परिषद बैकुंठपुर की तात्कालिक परिषद के द्वारा घड़ी चौक को हटाकर कोरिया कुमार चौक करने का प्रस्ताव पास किया गया था, प्रस्ताव पास करने के बाद गत वर्ष ही चौक पर कोरिया कुमार की आदमकद प्रतिमा लगाई गई और उसका अनावरण इस चुनावी वर्ष में जयंती के अवसर पर किया गया, कुमार साहब की जयंती के अवसर पर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव,गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह,संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव,सविप्रा उपाध्यक्ष गुलाब कमरो, विधायक विनय जायसवाल,देवेन्द्र यादव समेत अनेक जनप्रतिनिधियो की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण किया, मुख्यमंत्री को पैलेस के पीछे ग्राउंड पर भी ले जाया गया जहां उन्होने समाधि पर पुष्प अर्पित किया, चुनावी वर्ष में हुए इस आयोजन को लेकर अब लोगो की तरह तरह प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है।

### क्या काका के नाम पर ही लड़ा जाएगा आगामी चुनाव ?

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से लगभग 1 घंटा देरी से बैकुंठपुर पहुंचे,स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव,गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षा मंत्री प्रेममसाय सिंह के साथ मुख्यमंत्री का उड़नखटोला मिनी स्टेडियम मे बनाये गये हेलीपेड पर पहुंचा यहां से वे सीधे मुख्य चैक पहुंचे और स्व.कुमार साहब की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित किया। मुख्य चौक पर काका यानि की कुमार साहब की प्रतिमा लगाई गई और अब उस चौक को भी कोरिया कुमार चौक के नाम से जाना जाएगा, चुनावी वर्ष में प्रदेश के मुखिया के हाथो कराये गये अनावरण कार्यक्रम के बाद अब कयास लगाया जा रहा है कि आगामी चुनाव बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस काका के नाम पर ही लड़ेगी।

### टूटा कोरिया,अब काका का सपना आखिर कैसे होगा पूरा

मध्यप्रदेश से जब छत्तीसगढ का विभाजन नही हुआ था तब 25 मई 1998 को सरगुजा से अलग करते हुए कोरिया जिले का निर्माण किया गया था,उस दौरान मध्यप्रदेश की दिग्विजय सरकार में मंत्री रहे स्व.डॉ.रामचंद्र सिंहदेव ने अपनी राजनीतिक शक्ति के बदौलत बैकुंठपुर को जिला मुख्यालय बनवाया,सर्वविदित है कि उस दौरान मनेंद्रगढ से लेकर अन्य कई क्षेत्रों में भारी बवाल हुआ था। तब से कोरिया वासी बैकुंठपुर को जिला मुख्यालय और कोरिया जिला बनवाने का श्रेय कोरिया कुमार को ही देते हैं। वर्ष 2000 में केन्द्र की तात्कालिक अटल बिहारी सरकार ने मध्यप्रदेश से अलग करते हुए छत्तीसगढ राज्य का निर्माण किया उसके बाद ही धीरे - धीरे कोरिया में विकास की उम्मीद जगी, प्रारंभ के तीन वर्ष प्रदेश में कांग्रेस सरकार और फिर तीन पंच वर्षीय भाजपा शासनकाल में विकास के काफी काम हुये उसके बाद भी विकास की संभावनाएं बनी हुई थी,2018 में फिर प्रदेष में कांग्रेस की सरकार बनी और देखते ही देखते बहुत ही कमजोर नेतृत्व के कारण अंततः कोरिया जिला अपने बाल्यकाल यानि की 22 साल में ही कांग्रेस की सरकार ने ही विखंडित कर कोरिया वासियों के सपने को चूर चूर कर दिया। पिछ्ले विधानसभा चुनाव में खुद को कुमार साहब का राजनैतिक उत्तराधिकारी बताकार मैदान में उतारी विधायक अंबिका सिंहदेव जनता को यह समझाने में कामयाब ता हो गई कि उन्हे काका का सपना पूरा करना है, लेकिन इसी कार्यकाल में काका के सपनो का कोरिया विखंडित कर दिया गया जिसकी बहुत ही टिस कोरिया वासियों के मन में है और इस त्रासदी को कोरिया वासी कभी भूल नही सकेंगे। सवाल यही उठता है कि काका के सपनो का कोरिया तोड़ने वाले आखिर अब कैसे उनके सपनो को पूरा कर पांएगे। उनकी जयंती पर प्रतिमा लगाने से ही सपना पूरा हो पाएगा यह आमजनो के मन में एक बहुत बड़ा सवाल है।

### मुख्यमंत्री ने जयंती पर आकर क्या संदेश दिया

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने करकमलो से कोरिया कुमार की प्रतिमा का अनावरण किया और घड़ी चैक का नाम कोरिया कुमार चैक करने का औपचारिक शुभारंभ किया,जिसने कोरिया को बसाया,संजाया संवारा उसी के कोरिया का विखंडन भूपेश बघेल द्वारा ही कर दिया गया और फिर आकर प्रतिमा का अनावरण किया गया। कोरिया का विखंडन कर कुमार साहब की प्रतिमा का अनावरण, यह दर्द अनावरण कार्यक्रम में भी स्पष्ट झलक रहा था, कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेसियों के अलावा, स्कूली बच्चो की भीड़,पत्रकार,अधिकारी कर्मचारी,चुनिंदा व्यापारी और नगरपालिका के अमले के अलावा शहर के आमजनो,व्यापारियों की भीड़ एकदम नही थी,कार्यक्रम स्थल पर कोरिया के विभाजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री के अलावा भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो के साथ मनेंद्रगढ विधायक विनय जायसवाल भी मौजूद रहे,यह दृश्य अब कोरिया वासियों हो हर पल चोट करता है। तो वहीं सवाल उठता है कि जयंती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बैकुंठपुर आए और बमुश्किल आधा घंटा समय यहां उन्होने दिया,न किसी विकास की घोषणा की और न ही कोरिया वासियों को कुछ सौगात ही दी, आखिर वे क्या संदेश देना चाहते थे यह समझ से परे है।

### मतलब परिवार से दूर रहकर राजनीति ही करेंगी अंबिका सिंहदेव

हाल ही में विधायक अंबिका सिंहदेव की पारिवारिक लड़ाई सामने आई है, उनके पति ने सोषल मीडिया का सहारा लेकर कई बातो को सार्वजनिक कर दिया है, उन्होने साफ शब्दो में कह दिया कि अंबिका जी राजनीति छोड़े या मुझे, कई बातों के सामने आने के बाद अंबिका सिंहदेव के राजनैतिक भविष्य के बारे में लोग काफी आषंकित थे लेकिन इस कार्यक्रम को देखकर अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे राजनीति के मैदान मे ही रहना चाहती हैं, वे परिवार से दूर रहेंगी।

### जयंती के बहाने शक्ति प्रदर्शन

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद कोरिया पैलेस के पीछे मैदान में कुमार साहब की समाधि पर मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओ ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की,यहां लाई गई भीड़ प्रषासनिक अमले की देन थी,पंचायतो में सचिवो को भीड़ लाने की जिम्मेदारी दी गई थी,भीड़ स्वस्फूर्त नही आई थी,कांग्रेसियो के अलावा शहरवासी भी काफी कम थे,किसी प्रकार भीड़ जुटाकर विधायक अंबिका सिंहदेव ने शक्ति प्रदर्षन ही किया है,उन्होने संदेष देने का प्रयास किया कि वे ही आगामी चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की प्रत्याशी होंगी। उन्हे पार्टी मैदान में उतारती है या नही यह तो देखने वाली बात होगी लेकिन इतना तय है कि जयंती कार्यक्रम को उनके लिए शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनाया गया।



# भाजयुमो ने किया विरोध प्रदर्शन,कोरिया एसपी को सौंपा ज्ञापन

- नक्सली हिंसा एवं भाजपा नेताओं की हत्याओं के खिलाफ़ जमकर की नारेबाज़ी

बैकुण्ठपुर,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस सरकार में नक्सलियों द्वारा बस्तर भाजपा के नेताओं को चिन्हित कर निर्मम हत्या की जा रही है। आज सात दिन में भाजपा के तीसरे नेता की हत्या नक्सलियों ने की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश आवाहन पर आज बैकुंठपुर में युवा मोर्चा ने तख़्तियों के माध्यम से नारेबाज़ी करते हुए भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और सोयी हुए प्रदेश कांग्रेस सरकार को जगाने के लिए नक्सलियों पर उचित कार्यवाही की मांग रख ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में ज़िला भाजपा प्रभारी प्रबल प्रताप जूदेव, बिधानसभा प्रभारी चिंटू राजपाल, ज़िला भाजपा सहप्रभारी परमेश्वरी राजवाड़े उपस्थित थे। ज़िला अध्यक्ष भाजपा कृष्ण बिहारी जायसवाल ने इन घटनाओं के संदर्भ में कहा कि लगातार भाजपाइयों की निर्मम हत्या हो रही है सरकार के मा.मुख्यमंत्री जी सहित बस्तर के खुद को आदिवासी नेता बताने वाले आबकारी मंत्री जी मौन क्यों है सिर्फ इसलिए कि ये भाजपाई है,अगर सच मे आदिवासी हितैसी होते तो जरूर अपनी सरकार पर दबाव बनाते, पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर न्याय दिलाते, उनकी हत्यारो को सबक सिखाते,कभी कभी लगता है ये नक्सलियों की नही,सरकार की मंशा हैं,आखिर और कितने आदिवासियों भाइयो को बलिदान देना पड़ेगा मा.मुख्यमंत्री जी,प्रदेश के मुखिया होकर मौत पर राजनीती करने में लगे है,अत्यंत निंदनीय हैं। इस कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए युवा मोर्चा कोरिया ज़िले के महामंत्री शारदा गुप्ता ने बताया कि अभी 1 जनवरी 2023 से अब तक के तीन आदिवासी भाजपाई नेताओ का हत्या हो चुकी है जिसमे नारायणपुर ,जगदलपुर ओर बीजापुर प्रमुख जिला है,ये केवल लोकतंत्र की हत्या नही अपितु उन मृत परिवारों की हत्या है जिनके घर परिवार का गुजारा इन्ही के माध्यम से चल रहा था,आज बस्तर की भूमि लहूलुहान है तो सिर्फ कारण हैं निकम्मी कांग्रेस की सरकार है जो नक्सलियों को घर में घुसकर मारने दे रही है! कांग्रेस सरकार में नक्सलियों का हौसला बढ़ा हुआ है तीन महीने में विपक्ष पार्टी के चार चार नेताओं की हत्या अत्यंत दुःखद एवं घटिया कृत्य है इस अवसर पर पंकज गुप्ता (महामंत्री), नवरतन पांडे, कमलेश यादव, अनिता तिवारी, कुबेर साहू, धरमवती राजवाड़े, हर्शल गुप्ता, सुदीप सोनी, सतेंद्र राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े, आलेख नामदेव, मनोज सोनवानी, संगीता गुप्ता, मंजु जीवनानी, राजीव रंजन श्रीवास्तव, रोशन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, लव रवि, प्रदीप राजवाड़े, सरिता जायसवाल, दिलीप गुप्ता, पवन राजवाड़े, रवि त्रिपाठी, मनोज सोनी, रवि दुबे, सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ग्रीन इंडिया मल्टी स्टेट कम्पनी के 06 साल से फरार डायरेक्टर को किया गया गिरफ्तार

- संवाददाता -

कोरबा,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




पुलिस अधीक्षक ने चिटफंड के आरोपी को उड़ीसा राज्य के गंजाम जिला से किया गिरफ्तार मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्राथी कमलेश बक्श पिता ईशा बक्श उम्र 55 साल पता ग्राम बैतलपुर जिला मुंगेली के द्वारा आरोपी सोमनाथ खुटिया एवं सन्यासी बेहरा के विरूद्ध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कोरबा के न्यायालय में धारा 156 (3) जा0फौ0 के तहत परिवाद पेश किया था। जिस पर माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। धारा 420, 467, 468, 471, 120(बी) आईपीसी एवं मामले में विवेचना के दौरान धारा 3,4,5 चिटफण्ड व धन परिरक्षण अधिनियम तथा छ0ग0 के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधि0की धारा 10 के तहत अपराध का घटित होना पाए जाने से उक्त प्रकरण में धारा जोडा गया। आरोपीगण के द्वारा चिटफंड कंपनी ग्रीन इंडिया मल्टी स्टेट मेबर्स क्रेडिट ऑपरेटिव सोसायटी धरमानगर, फोरलेन ब्रम्हपुर-2 उडीसा जिसका शाखा कार्यालय घंटाघर भारतीय स्टेट बैंक के ऊपर चौकी रामपुर जिला कोरबा में खोला गया था। माह मई 2012 से माह नवम्बर 2013 तक नियमित रूप से संचालित रहा उक्त फर्म में अभियुक्तगण कार्य संपादन करते थे। कंपनी को उड़ीसा राज्य की कंपनी है बताया गया था। अभियुक्तगण एक राय होकर सुनियोजित तरीके से कोरबा में उक्त कंपनी का संचालन आरंभ किया। कंपनी के अंतर्गत रिकरिंग डिपॉजिट ग्रीन विकास डेली डिपॉजिट फिक्स डिपॉजिट स्कीम (ग्रीन बचत) मंथली इनकम रोजगार हाफ ईयर इनकम स्कीम कवार्टली इनकम स्कीम का प्रलोभन देकर लोगों से रकम निवेश करवाया अभियुक्त गण के द्वारा परिवादी आवेदकगणों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर रकम निवेश कराकर विभिन्न स्कीमों में लगभग 8,00,000/- जमा कराकर षड्यंत्र करते हुए धोखाधड़ी पूर्वक कोरबा शाखा क्रमांक 38 के माध्यम से निवेश कराया गया। तत्पश्चात अभियुक्त कोरबा में संचालित उक्त कार्यालय को बंद कर दिया एवं फरार हो गये थे। जो न्यायालय आदेश पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपियों सोमनाथ खुटिया पिता रघुनाथ खुटिया उम्र 56 वर्ष, सन्यासी बेहरा पिता स्व कंद बेहरा उम्र 55 दोनो साकिनान चिरमिरी जिला कोरिया का उक्त कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के अग्रिम जमानत आदेश पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है। मामले आरोपी प्रदीप कुमार सिंह कंपनी का डायरेक्टर लगातार फरार रहने से आरोपी सोमनाथ खुटिया एवं सन्यासी बेहरा के विरूद्ध अपराध धारा घटित करना पाये जाने से अभियोग पत्र क्रमांक 192/2022 दिनांक 22.03.2022 तैयार कर न्याय वास्ते माननीय न्यायालय में चालान पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपी प्रदीप कुमार सिंह पिता स्व0 श्री राजेन्द्र सिंह उम्र 43 वर्ष पता अयोध्या नगर, सेकेण्ड लेन, थाना बैजनाथपुर, ब्रम्हपुर जिला गंजाम उडीसा राज्य कंपनी का डायरेक्टर ग्रीन इंडिया मल्टी स्टेट मेबर्स केडिट ऑपरेटिव सोसायटी धरमानगर, फोरलेन ब्रम्हपुर-2 उडीसा जिसका शाखा कार्यालय घंटाघर भारतीय स्टेट बैंक के उपर चौकी रामपुर को होना पाए जाने से आरोपी का पता- तलाश कर साक्ष्य संकलन बाद पृथक से पूरक चालान धारा 173 (8) जा फौ के तहत चालान पेश किया जाना था। आरोपी सिविल लाइन रामपुर की पुलिस द्वारा गंजाम ओडिशा जाकर आरोपी प्रदीप कुमार सिंह को अयोध्या नगर बरहमपुर से गिरफ्तार किया गया है एवं गिरफ्तार शुदा आरोपी प्रदीप कुमार सिंह का सीजेएम कोर्ट गंजाम ब्रम्हपुर उडीसा से दिनांक 13.02.2023 तक का ट्रॉंजिट रिमाड विधिवत हासिल किया गया है। जो उक्त गिरफ्तार आरोपी को को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में जेल दाखिल किया गया है।

# ऑनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2023-24 में प्रवेश के लिए समय सारणी घोषित

» छात्रों का पंजीयन 06 मार्च से 10 अप्रैल और 01 जुलाई से 15 जुलाई तक

- संवाददाता -

कोरबा,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2023-24 हेतु प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन व भर्ती के लिए शिक्षा विभाग द्वारा समय सारणी घोषित की गई है। जिसके अंतर्गत दो चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। छात्रों का पंजीयन प्रथम चरण में 06 मार्च 10 अप्रैल तक तथा द्वितीय चरण में 01 जुलाई से 15 जुलाई तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत प्रथम चरण में स्कूलों का पंजीयन 10 फरवरी से 28 फरवरी तक होगा। वर्ष 2022-23 की शुल्क प्रतिपूर्ति का सत्यापन 10 फरवरी से 28 फरवरी तक, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 10 फरवरी से 28 फरवरी तक, छात्रों का पंजीयन 06 मार्च से 10 अप्रैल, नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों की जांच 11 अप्रैल से 11 मई एवं लॉट्री व आबंटन 15 मई से 25 मई तक किया जाएगा। आरटीई के तहत छात्रों के स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया 16 जून से 30 जून तक संपन्न की जाएगी। द्वितीय चरण में छात्रों का पंजीयन 01 जुलाई से 15 जुलाई तक किया जाएगा। नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों की जांच 16 जुलाई से 25 जुलाई तक, लॉट्री एवं आबंटन 27 जुलाई से 02 अगस्त तक और स्कूल दाखिला प्रक्रिया 03 अगस्त से 14 अगस्त तक की जाएगी।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 24 सूत्री मांगों को लेकर 15 फरवरी सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया

सूरजपुर,13 फरवरी 2023 (घटती - घटना)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारियों ने 24 सूत्री मांगों को लेकर 15 फरवरी सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सूरजपुर के जिलाध्यक्ष श्री इंद्रसेन विश्वकर्मा जी ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों से किए किए गए वादों को पूरा करने अब तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। कर्मचारी वेतन विसंगति के कारण अत्यंत कम वेतन, सुविधाओं पर जन सेवा कार्य कर रहे हैं, विभाग में अधिकांश और एकल पद है उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर बड़े अस्पतालों में कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता से कार्य करते हुए छत्तीसगढ राज्य के स्वास्थ्य विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर अनेक मानकों में उच्च स्थान प्राप्त करने में मदद दे रहे हैं ,लेकिन राज्य सरकार कर्मचारी की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है द्य इसी तारतम्य में जिले के समस्त कर्मचारी 15 फरवरी सामूहिक अवकाश पर रह कर अपनी जायज मांगों को लेकर जिला मुख्यालय धरना देंगे और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा जी ने बताया कि 24 सूत्रीय मांगों में केंद्र के समान वेतन ,पेट्रोल भत्ता मोबाइल भत्ता , जोखिम भत्ता ,नियमितिकरण इत्यादि हैं।संघ द्वारा राज्य सरकार से उपरोक्त मांगों को जल्द पूरा करने हेतु आग्रह किया है द्य जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवा बाधित न करना पड़े और आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा सुचारू रूप से प्रदान किया जा सके।



# पुलिस कप्तान ने पुलिस विभाग में किया फेरबदल

» निरीक्षक सनत सोनवानी को मिला सायबर सेल का अतिरिक्त प्रभार

- संवाददाता -

कोरबा,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण ने अपनी स्थापना के बाद तबादले की पहली सूची जारी कि है। उन्होंने अपराधों के निराकरण के लिए तकनीकी तौर पर काम करने वाली सायबर सेल की लगभग पूरी टीम को बदल दिया है। बाल्को थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर को सायबर सेल का प्रभारी पूर्व में बनाया गया था। कप्तान उदय किरण ने फेरबदल करते हुए उरगा थाना प्रभारी निरीक्षक सनत सोनवानी को सायबर सेल का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है साथ ही सायबर की टीम को बदलकर एएसआई अजय सिंह के अलावा आरक्षक गंगाराम डांडे, बिपिन बिहारी नायक, आशीष साहू, विरेंद्र पटेल, विकास कोसले, योगेश राजपूत को हटा दिया गया है। इनके स्थान पर एएसआई राकेश सिंह के साथ-साथ प्रधान आरक्षक राम कुमार पांडेय, गुनाराम सिन्हा, चंद्रशेखर पांडेय, चक्रधर राठौर, राजेश कंवर, आरक्षक सुशील यादव, रितेश कुमार शर्मा को सायबर सेल में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा निरीक्षक आशीष सिंह को लेमरू से रक्षित केंद्र भेजकर एसआई कृष्णा साहू को सर्वमङ्गला से लेमरू थाना का प्रभारी बनाए गए है। मोरगा चौकी प्रभारी एएसआई विभव तिवारी को सर्वमङ्गला पुलिस सहायता केंद्र वापस लाया गया है। एएसआई अश्वनी निरंकारी मोरगा चौकी संभालेंगे।




# तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का आगाज आज

## करोड़ों के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण व शिलान्यास

» सामूहिक विवाह में 370 जोड़े बांधेंगे परिणय सूत्र में

» विभागीय स्टॉलों से मिलेगी शासन की योजनाओं की जानकारी

» मेला,कुश्ती,एडवेंचर स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की होगी धूम






- संवाददाता -

अम्बिकापुर,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का शुभारंभ 14 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे से कमलेश्वपुर के रोपाखार जलाशय के समीप होगा। जिले के प्रभारी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ प्रीतम राम, संसदीय सचिव श्री चिन्तामणी महाराज, श्री पारसनाथ राजवाड़े, श्री यूडी मिंज, श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, विधायक डॉ विनय जायसवाल, श्री खेलसाय सिंह, श्री वृहस्पत सिंह, श्री गुलाब कमरों, श्री रामपुकार सिंह, श्री विनय भगत, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, महापौर डॉ अजय तिर्की, अपेक्स बैंक के संचालक श्री अजय बंसल, राज्य मदरसा बोर्ड के सदस्य श्री इरफान सिद्दीकी, राज्य गौ-सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव, तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, राज्य बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती नीता विश्वकर्मा, राज्य कर्मकार मंडल के सदस्य श्री अनिल सिंह, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री अमृत टोप्पो, जनपद सदस्य श्रीमती उर्मिला खेस्स, जनपद सदस्य श्रीमती आशा अटल यादव, जिला पंचायत सदस्य श्री सुनील बखला, जनपद सदस्य श्रीमती अनिता नागेश्वर यादव एवं सरपंच श्रीमती सविता मांझी होंगे।

शुभारभ अवसर पर 78 करोड़ रुपये के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। इसमे 5 करोड़ रुपये के 31 कार्यों का लोकार्पण एवं 73 करोड़ रुपये के 13 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 370 जोड़े विवाह सूत्र में बांधेंगे जिन्हें अतिथियों के द्वारा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी जाएगी।

विभागीय स्टॉल से मिलेगी जानकारी- महोत्सव में कृषि, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, अन्तयावसायी, नगर निगम, आदिम जाति कल्याण विभाग, रेशम, वन विभाग, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग द्वारा विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विधिक सेवा व विगत चार वर्षों में विभागीय उपलब्धियों की फ़ोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इन स्टालों में लोगां को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

मनोरंजन होगी भरपूर- मैनपाट आने वाले सैलानियो को विभिन्न पर्यटन पॉइंट में भ्रमण का आनंद तो मिलेगा ही महोत्सव में उनकी मनोरंजन भी भरपूर होगी। महोत्सव स्थल पर मेले में कई तरह के झूले, फ़ूड कोर्ट, एडवेंचर स्पोर्ट्स, कुश्ती व सांस्कृतिक कार्यक्रम में नामी कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों का नहीं लुत्फ उठा सकेंगे।

यहां होगी वाहन पार्किंग- 4 पहिया एवं 2 पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हांकित किया गया है। व्हीव्हीआईपी पार्किंग मुख्य मंच के पीछे, देव होटल के पीछे, तिब्बती होटल के पास एवं शैला चौक के पास बनाए गए हैं।

# देश-विदेश तक छत्तीसगढ़ी भाषा की पहुंच बनाने करना होगा प्रयासःभगत





» साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

» संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़ राजभाषा सम्मेलन संपन्न



- संवाददाता -

अम्बिकापुर,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़ राजभाषा सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार श्री बंशीधर लाल, सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल, भोला प्रसाद मिश्रा एवं सुदामा राम गुप्ता को उल्लेखनीय साहित्यिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा-बोली बहुत ही सहज और मधुर है। इसकी पहुंच देश-विदेश तक हो इसके लिए हम सबको प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में संबोधित करते हए जसगीत भी गाया और साहित्यकारों, रचनाकारों एवं युवाओं को प्रोत्साहित किया। श्री भगत ने कहा कि आयोग राज्य में ही बल्कि संभाग स्तर पर भी राजभाषा आयोग का सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने राजभाषा से संबंधित कवि, साहित्यकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संभाग स्तरीय सगोष्ठी में सारगर्भित वार्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को और आगे ले जाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री अटल विहारी यादव, कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री संजय गुप्ता, मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्धिकी, उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बद्रूदीन इराकी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव श्री अनिल कुमार भतपहरी सहित कवि, साहित्यकार उपस्थित थे।

# हडताली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने निकाली रैली किया सड़क जाम

## 6 सूत्रीय मांग को लेकर 2 फरवरी से कर रही हड़ताल



- संवाददाता -

सूरजपुर,13 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

पिछले दस दिनों से हड़ताल कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओ ने आज एक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट के सामने बीच सड़क में धरने पर बैठ गई जिससे करीब एक घण्टे से अधिक समय तक एनएच जाम रहा।6 सूत्रीय मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बीते 2 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सोमवार को हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने रंगमंच मैदान से रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुँची जहाँ कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। हड़तालियों के सड़क पर बैठ जाने से घंटो सड़क जाम ओर सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई थी जिससे लोग परेशान रहे। हड़ताल फिलहाल जारी रहने के आसार है। इनकी मांगे है किआंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिकाओं को शासकीय किए जाने तक सरकार द्वारा अपने जन घोषणा पत्र में घोषित नर्सरी शिक्षक पर बैठाए और कलेक्टर दर पर वेतन तत्काल दिया जाय।आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ता के रिक्त पद पर शत प्रतिशत एवं कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर शतप्रतिशत पदोन्नति दिया जाय एवं विभागीय सेवा भर्ती नियम में संशोधन किया जाय।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राइमरी स्कूलों में प्रायमरी शिक्षक का दर्जा एवं वेतन दिया जाय।मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं आगनबाड़ी कार्यकर्ता के बराबर समान काम का समान वेतन दिया जावे एवं कैश कार्यकर्ताओं को आंगनबाडी कार्यकर्ता पद परसमाहित किया जाय।आंगनबाडी कार्यकताओं को 5 लाख रूपये एवं सहायिकाओं को 3 लाख रुपये रिटायरमेंट के बाद एक मुश्त राशि दिया जाय और मासिक पेंशन, ग्रेच्यूटी व समूह बीमा योजना लागू किया जाय।प्रदेश स्तर में आगंनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदो को तत्काल भरा जाय और पोषण ट्रेक और अन्य कार्य के लिये जब तक मोबाइल नेट चार्ज नही दिया जाता तब तक मोबाईल पे कार्य का दबाव न दिया जाए।

### भाजपा नेताओं ने किया समर्थन

भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर दिया समर्थन दिया ओर कहा कि हम आंगनबाड़ी की बहनों के साथ हैं और इनकी मांगों का समर्थन करते हैं।प्रदेश की भूपेश सरकार के द्वारा अपने घोषणापत्र में 10 दिनों के अंदर आंगनबाड़ी बहनों को नर्सरी शिक्षक के रूप में पदोन्नत करने एवं उन्हें कलेक्टर दर से भुगतान करने का घोषणा गंगा जल लेकर की थी परंतु 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्यकर्ताओं के लगातार मांग पर भी यह सरकार गूंगी और बहरी बनी हुई है इस सरकार को जन सरोकार से कोई लेना देना नहीं है सिर्फ झूठे वादे करके सत्ता में आई कांग्रेस छत्तीसगढ़ को लूटने का काम कर रही है। धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष बाबुलाल अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य शांति सिंह मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू मंडल महामंत्री आनंद सोनी स्वच्छता प्रकोष्ठ जिला संयोजक राजू देवांगन युवा मोर्चा महामंत्री संस्कार अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-शिवनंदनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल कुमार आ0 श्री स्व.हीरालाल जाति गड़ेरी निवासी ग्राम शिवनंदनपुर, तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम शिवनंदनपुर प.ह.न. 24 रा.नि.म. पिलखा तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 490/35 रकबा 0.061 हे0 को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम शिवनंदनपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना अग्रवाल पत्नी श्री रतनलाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम शिवनंदनपुर, तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम केशवनगर प.ह.न. 24 रा.नि.म. केशवनगर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1517/4 रकबा 0.0300 हे0 को आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम केशवनगर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 15.02.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.02.2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

# स्मृति मंधाना 3.4 करोड़ में आरसीबी की हुई,ऐश्ली गार्डनर भी हुई मालामाल

» 50 लाख रुपये की बेस प्राइस कैटेगरी में प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा शामिल हैं। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों में एलिस पेरी, सोफी एक्लेस्टोन, सोफी डिवाइन, डिआंड्रा डॉटिन का नाम शामिल हैं।

» महिला प्रीमियर लीग के लिए मुंबई में होगा ऑक्शन

» 448 खिलाड़ियों की होगी नीलामी

» 5 फ्रेंचाइजियां लगाएंगी बोलीं

**नई दिल्ली,13 फ रवरी 2023।** भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। महिला प्रीमियर लीग में खिलार्ड़ी यों की नीलामी का आयोजन मुंबई के जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर पर शुरू होने जा रहा है।
याद दिला दें कि महिला प्रीमियर लीग का उद्घाटन संस्करण 4 मार्च से शुरू होगा और फाइनल मैच 26 मार्च को खेला जाएगा।
महिला आईपीएल में कुल टीमों की संख्या 5 है। प्रत्येक टीम को खिलाड़ियों को खरीदने के लिए नीलामी में 12 करोड़ की राशि मिली है। नीलामी में पहले 409 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया था, बाद में 39 और नाम जोड़े गए हैं। इससे अब खिलाड़ियों की संख्या 448 हो गई है। जिन 39 खिलाड़ियों को नीलामी की सूची में जोड़ा गया है। उनमें 23 खिलाड़ी भारत से हैं, जबकि 8 थाईलैंड से हैं। सूची में इंग्लैंड के 4, स्कॉटलैंड के 2 और ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।

**कुछ महत्वपूर्ण तथ्य**

नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की कुल संख्या 409+39
नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की कुल संख्या 246+23
विदेशी खिलाड़ियों की कुल संख्या- 163+16
एसोसिएट देश के खिलाड़ियों की संख्या 8
कैप्ड खिलाड़ियों की कुल संख्या- 202
अनकैप्ड खिलाड़ियों की कुल संख्या 199
सभी 5 टीमों में उपलब्ध अधिकतम स्लॉट 90
अधिकतम विदेशीखिलाड़ियों के स्लॉट उपलब्ध 30
टीमों द्वारा खरीदे जा सकने वाले खिलाड़ियों की संख्या 15-18, 7 विदेशी खिलाड़ियों के साथ

गौरतलब हो कि खिलाड़ियों को चार बेस प्राइस कैटेगरी में बांटा गया है। पहला बेस प्राइस 50 लाख से अधिक, इसमें कुल 24 भारतीय खिलाड़ी और 13 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। दूसरी बेस प्राइस कैटेगरी 40 लाख रुपये की है। तीसरी बेस प्राइस कैटेगरी 30 लाख रुपये की है। वहीं, चौथी कैटेगरी 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच है। इसमें अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।
बता दें कि 50 लाख रुपये की बेस प्राइस कैटेगरी में प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा शामिल हैं। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों में एलिस पेरी, सोफी एक्लेस्टोन, सोफी डिवाइन, डिआंड्रा डॉटिन का नाम शामिल हैं।

**तेज गेंदबाजों की निलामी**

शेमिलिया नहीं अनसोल्ड रही। इनका बेस प्राइस 30 लाख। फ्रेया डेविस को उनके बेस प्राइस 30 लाख पर अनसोल्ड रहीं। अंजली सरवनी को यूपी वॉरियर्स ने 55 लाख में खरीदा। मेगन स्कॉट का बेस प्राइस 40 लाख। अनसोल्ड रही। बांग्लादेश की जहांनारा आलम भी अनसोल्ड रही। 30 लाख बेस प्राइस। न्यूजीलैंड की लिया थुहू भी अनसोल्ड रही बेस प्राइस 30 लाख। साउथ अफ्रीका की गेंदबाज खखा भी अनसोल्ड रहीं। वेस्टइंडीज की शाकिरा सलमान अनसोल्ड रही। 30 लाख बेस प्राइस।
सुषमा वर्मा अनसोल्ड रही।

डिएंड्रा डॉटिन को गुजरात ने खरीदा
वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन के प्रति दिल्ली और गुजरात ने इच्छा जताई। आखिरकार गुजरात ने खरीदने की इच्छा जताई। गुजरात ने बोली बढ़ाकर अपने पक्ष में किया। उनके बेस प्राइस 30 लाख से 70 लाख में खरीदा।

शेफाली वर्मा दिल्ली टीम में शामिल

वह अनसोल्ड रही।
जेमिमा रॉड्रिग्स दिल्ली के लिए खेलेंगी।
भारत की स्टार बैटर जेमिमा रॉड्रिग्स का बेस प्राइस 50 लाख। यूपी वॉरियर्स ने नीलामी की प्राइस बढ़ाई।




बर्नाडीन अनसोल्ड रही
न्यूजीलैंड की विकेटकीपर बर्नाडीन अनसोल्ड रही। इनका बेस प्राइस 30 लाख। इंग्लैंड की एमी जोन्स भी अनसोल्ड रही। बेस प्राइस 40 लाख।

विकेटकीपरों की हुई नीलामी
भारत की विकेट कीपर तानिया भाटिया को उनके बेस प्राइस 30 लाख पर किसी ने नहीं खरीदा। श्रीलंका की अनुष्का संजीवनी भी अनसोल्ड रही। उनका बेस प्राइस 30 लाख। इंडिया की यास्तिका भाटिया को खरीदने के लिए गुजरात और मुंबई ने इच्छा जताई। यूपी ने बोली बढ़ाई। मुंबई और यूपी वॉरियर्स के बीच बड़ी बोली लगाने की जंग में मुंबई ने बाजी मारी। 40 लाख की बेस प्राइस वाली यास्तिका को 1.95 करोड़ में खरीदा। ऋचा घोष को उनके बेस प्राइस 50 लाख से 1.90 करोड़ पर आरसीबी ने खरीदा। एलिसा हेली का बेस प्राइस 50 लाख। यूपी वॉरियर्स ने 70 लाख में खरीदा।
60 लाख में खरीदा।
हरलीन देओल को गुजरात तो पूजा में
हरलीन का बेस प्राइस 40 लाख। उनके बेस प्राइस पर ही गुजरात जायंट्स ने खरीदा। पूजा वस्त्राकर को लेकर दिल्ली और मुंबई में जंग। दोनों ने पूजा को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बोली बढ़ाई।यूपी वॉरियर्स ने भी इच्छा जताई। मुंबई और यूपी में बड़ी बोली लगाने को लेकर जंग। मुंबई ने 1.90 करोड़ में बाजी मारी।

**तीन खिलाड़ी नहीं बिके**

साउथ अफ्रीका की सुन लस नहीं बिकी। 30 लाख बेस प्राइस था। डेनी वाट भी अनसोल्ड रही। 50 लाख बेस प्राइस था। श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू भी अनसोल्ड रही। 30 लाख बेस प्राइस।

**अनाबेल के लिए जंग**

ऑलराउंडर अनाबेल को लेकर यूपी और गुजरात उत्साहित। दिल्ली ने भी भारतीय अंडर 19 महिला टीम की कप्तान शेफली वर्मा का बेस प्राइस 50 लाख। धकाड़ बल्लेबाज को खरीदने के लिए दिल्ली कैपिट्ल्स और मुंबई इंडियंस में जंग हुई। दिल्ली ने 2 करोड़ में खरीदा।

**टैजमिन ब्रिज और लाउरा वॉल्ट रही अनसोल्ड**

साउथ अफ्रीका की टैजमिन ब्रिज तीसरी खिलाड़ी रही जो अनसोल्ड रही। उन्हें किसी भी फ्रेंचाइजी ने उनके बेस प्राइस 30 लाख में भी नहीं खरीदा। लाउरा वॉल्ट को भी किसी ने नहीं खरीदा।

**मेग लैनिंग के लिए हुई जंग**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग का बेस प्राइस 50 लाख। मुंबई और दिल्ली ने खरीदने के लिए प्राइस को बढ़ाया। अंत में दिल्ली ने 1.10 करोड़ में खरीदा।

**सूजी बेट्स**

सूजी बेट्स का बेस प्राइस 30 लाख। किसी भी टीम ने इन्हें नहीं खरीदा।
दिल्ली कैपिट्ल्स ने भी दिलचस्पी दिखाई। यूपी और दिल्ली में जंग जारी। मुंबई ने भी खरीदने की इच्छा जताई। आखिरी में दिल्ली ने 2.2 करोड़ में बैटल जीती।

**अमेलिया कर मुंबई टीम में**

ऑलराउंडर खिलाड़ी अमेलिया कर का बेस प्राइस 40 लाख। मुंबई और आरसीबी में खरीदने को लेकर जंग। रुब्ध ने 1 करोड़ में अमेलिया कर को अपने खेमे में शामिल किया।

**शबनम स्माइल**

दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाज शबनम का बेस प्राइस 40 लाख। दिल्ली कैपिट्ल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच जंग। यूपी वॉरियर्स ने 1 करोड़ में जंग जीती। शबनम यूपी की तरफ से खेलेंगी

**बेथ मूनी गुजरात टीम में**

बेथ मूनी का बेस प्राइस 40 लाख। मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच जंग। गुजरात ने बोली बढ़ाई। मुंबई और गुजरात में जंग जारी। गुजरात ने 2 करोड़ में खरीदा।

ताहलिया मैक्ग्रा यूपी टीम में शामिल
ताहलिया मैक्ग्रा का बेस प्राइस 40 लाख। गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिट्ल्स के बीच जंग। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाई। 1.4 करोड़ में यूपी की हुई ताहलिया मैक्ग्रा।

**नटालिया सिल्वर**

नटालिया सिल्वर का बेस प्राइस 50 लाख। दिल्ली कैपिट्ल्स और यूपी में जंग। मुंबई ने बोली बढ़ाई। यूपी वॉरियर्स और मुंबई में जंग। मुंबई ने सिल्वर को 3.2 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया।

**रेणुका सिंह**

रेणुका सिंह का बेस प्राइस 50 लाख। दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी में जंग। आरसीबी ने 1.5 करोड़ में रेणुका को पहले गेंदबाज के रुप में अपनी टीम में शामिल किया।

**दीप्ति शर्मा यूपी की टीम में**

दीप्ति शर्मा का बेस प्राइस 50 लाख। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात में जंग। मुंबई भी उतरी जंग। दिल्ली और मुंबई में जंग जारी। यूपी वॉरियर्स और मुंबई में जंग जारी। यूपी वॉरियर्स ने 2.6 करोड़ में दीप्ति को अपने खेमे शामिल किया।

**अब तक सिर्फ एक खिलाड़ी अनसोल्ड**

हेली मैथ्यूज रही अनसोल्ड। हेली मैथ्यूज का बेस प्राइस 40 लाख था। किसी भी टीम ने नहीं खरीदा।

**सोफी हुई यूपी की**

सोफी का बेस प्राइस 50 लाख। यूपी वॉरियर्स ने 1.80 करोड़ में खरीदा। यूपी और गुजरात में जंग चली थी।

**ऐलिश पैरी आरसीबी में**

ऐलिश पैरी का बेस प्राइस 50 लाख। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर को अपने पक्ष में करने के लिए आरसीबी और दिल्ली कैपिट्ल्स में जंग। आरसीबी ने 1.70 करोड़ में खरीदा।

**ऐश्ली गार्डनर के लिए जंग**

ऐश्ली गार्डनर का बेस प्राइस 50 लाख रुपये। यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स में जंग। गुजरात जायंट्स ने 3.20 करोड़ में खरीदा।

**हेली मैथ्यूज रही अनसोल्ड**

हेली मैथ्यूज का बेस प्राइस 40 लाख था। किसी भी टीम ने नहीं खरीदा।
सोफी डिवाइन आरसीबी में
सोफी डिवाइन को बेस प्राइस में आरसीबी ने खरीदा। किसी और भी फ्रेंचाइजी ने अपना रुझान नहीं दिखाया।

**दूसरा नाम हरमनप्रीत का**

हरमनप्रीत का बेस प्राइस 50 लाख। दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी (रॉयल चैलेंजर बैंगलोर) में जंग।मुंबई भी मैदान में। दिल्ली और मुंबई जंग जारी। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाई। मुंबई और यूपी वॉरियर्स में जंग। 1.80 करोड़ में मुंबई ने अपने पक्ष में किया।

**सबसे पहला नाम स्मृति मंधाना का**

स्मृति मंधाना का बेस प्राइस 50 लाख। आरसीबी और मुंबई में छिड़ी जंग। 3.40 करोड़ में स्मृति आरसीबी की हुई।

**महिला क्रिकेट में होगा बदलाव**

बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग से महिला क्रिकेट में भी बदलाव आएगा। बीसीसीआई एक नए भविष्य की ओर बढ़ रहा है। हम सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हैं।

**कुछ महत्वपूर्ण तथ्य**

नीलामी में शामिल खिलाड़ियों की कुल संख्या- 409+39
नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों की कुल संख्या- 246+23
विदेशी खिलाड़ियों की कुल संख्या- 163+16
एसोसिएट देश के खिलाड़ियों की संख्या- 8
कैप्ड खिलाड़ियों की कुल संख्या- 202
अनकैप्ड खिलाड़ियों की कुल संख्या- 199
सभी 5 टीमों में उपलब्ध अधिकतम स्लॉट- 90
अधिकतम विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट उपलब्ध- 30
टीमों द्वारा खरीदे जा सकने वाले ि खिलाड़ियों की संख्या- 15-18, 7 विदेशी खिलाड़ियों के साथ

**चार कैटेगरी में बांटा गया है खिलाड़ियों को**

ऑक्शन में शामिल खिलाड़ियों को चार बेस प्राइस कैटेगरी में रखा गया है। पहली 50 लाख रुपये बेस प्राइस, दूसरी 40 लाख रुपये, तीसरी 30 लाख रुपये औ चौथी 10 लाख से 20 लाख रुपये की बेस प्राइस की कैटेगरी में रखा गया है।

## भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा अब इंदौर के होलकर स्टेडियम में

**धर्मशाला में नहीं होगा मैच**

**इंदौर,13 फरवरी 2023।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है और वह यह की दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाला तीसरा टेस्ट मैच अब धर्मशाला में नहीं खेला जाएगा। इस मैच की अब जगह बदल दी गई है। पहले जब सीरीज की घोषणा हुई थी तब तीसरा टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाना तय था। लेकिन अब शेड्यूल में बदलाव किया गया है। अब बॉर्डर-गावसकर ट्रॉफी में भारत-ऑस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर में होगा। यह मुकाबला पहले धर्मशाला में होना था। टेस्ट क्रिकेट मुकाबला खेले जाने की हिसाब से परिस्थितियां अनुकूल नहीं है ऐसे में यह फैसला लिया गया है।




जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने सोमवार को प्रेस रिलीज जारी कर इस फैसले की पुष्टि की है। बोर्ड ने अपने फैसले में बताया है की पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान काफी कम है। इस वजह से अब ये मैच यहां नहीं खेला जा सकता है। ऐसे में तीसरा टेस्ट इंदौर के होलकर स्टेडियम में होगा।




## मस्कट में चौरसिया शीर्ष भारतीय,कनाया को खिताब

**मस्कट ,13 फ रवरी 2023।** एसएसपी चौरसिया ने अपने 2023 अंतरराष्ट्रीय सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए यहां 20 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय गोल्फ सीरीज में संयुक्त 30वां स्थान हासिल किया और भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चौरसिया ने 75, 71, 72 और 73 का स्कोर बनाया तथा राशिद खान के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। एशिाई टूर पर दो बार के विजेता राशिद ने 70, 77, 70 और 74 का स्कोर बनाया। जापान के प्रतिभावान ताकुमी कनाया ने देश के बाहर पहला पेशेवर खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से कुल 10 अंडर का स्कोर बनाया।
जापान के 24 साल के कनाया ने अमेरिका के बैरी हेनसन (70) और थाईलैंड के सेडम केईवकांजाना को चार शॉट से पछाड़ा। अन्य भारतीयों में शिव कपूर (75) और ज्योति रंधावा (76) संयुक्त 43वें जबकि गगनजीत भुल्लर संयुक्त 53वें स्थान पर रहे। एस चिकारंगप्पा (76) ने संयुक्त 64वां और हनी बैसोया (71) ने संयुक्त 77वां स्थान हासिल किया




## थलपति विजय-लोकेश कनगराज की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले कमाए 246 करोड़

तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म लियो ने डिजिटल राइट्स, सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स से 246 करोड़ रुपए की कमाई की है। तमिल के सुपर डायरेक्टर लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म ने फिल्म के प्रोमो की घोषणा के तुरंत बाद एक बड़ी रकम एकत्र की है।
कनगराज की पिछली फिल्म विक्रम में कमल हासन ने संग्रह के रिकॉर्ड तोड़ दिए और उद्योग की चर्चा से पता चलता है कि फिल्म लियो, जिसमें वह थलपति विजय के साथ एकजुट हो रहे हैं, उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।
रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है और इसने पहले ही 246 करोड़ रुपए की चौंका देने वाली कमाई कर ली है।
फिल्म के डिजिटल अधिकारों ने इसे 150 करोड़ रुपए, जबकि इसके उपग्रह अधिकारों ने 80 करोड़ रुपए और संगीत अधिकारों ने 16 करोड़ रुपए एकत्रित किए। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त एंटी-हीरो के रूप में हैं। कनगराज और विजय की एक साथ आखिरी फिल्म, मास्टर एक ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी।
तमिल फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि किसी फिल्म के प्रोमो के शुरूआती दौर में इतने बड़े कलेक्शन की उम्मीद नहीं रही। फिल्म में 14 साल बाद विजय और त्रिशा का पुनर्मिलन भी है। अन्य प्रमुख भूमिकाओं में अर्जुन सरजा, मंसूर अली खान, गौतम वासुदेव मेनन और प्रिया आनंद हैं। इस बीच, फिल्म का यूट्यूब प्रोमो भी एक बड़ी वैश्विक हिट रहा है, यहां तक कि शाहरुख खान-स्टारर जवान और टाइगर 3 को मिले व्यूज को भी पीछे छोड़ दिया है।

## डोनल बिष्ट ने ऑफ शोल्डर आउटफिट में दिखाया ग्लैमरस अंदाज,तस्वीरों को देखकर मदहोश हुए फैंस

एक्ट्रेस डोनल बिष्ट टेलीविजन के साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी बोल्ड ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। फैंस उनकी बोल्डनेस को लेकर अक्सर तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। डोनल बिष्ट ने शॉर्ट ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनकर ग्लैमरस अंदाज में बेहद ही कूल फोटोशूट करवाया है। डोनल बिष्ट इस लुक में इतनी बोल्ड और हॉट नजर आ रही हैं, उनकी तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हुए हैं। ग्लैम मेकअप और ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस डोनल बिष्ट गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट ने बेहद ही कम समय में टीवी इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती हैं। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट ने कई सीरियल्स में काम किया है। एक दीवाना था सीरियल से लोगों के दिलों पर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती से लोगों को अपना दीवाना बना रहा है। एक्ट्रेस डोनल बिष्ट एमएक्स प्लेयर की सीरीज तू जख्म हैमें नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस डोनल बिष्ट बिग बॉस 15 में नजर आई थी। हालांकि, वो शो में ज्यादा नहीं टिक सकीं। डोनल बिष्ट सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस क्रेजी हो रहे हैं। डोनल बिष्ट के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

















## एटली की अगली फिल्म में होंगे वरुण धवन,इसी साल शुरू होगी शूटिंग



दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर निर्देशक एटली कुमार अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म जवान के लिए सुर्खियों में हैं। वह शाहरुख खान के साथ अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म बना रहे हैं। जवान में साउथ के भी कई जानेमाने कलाकार नजर आएंगे और स्टारकास्ट की वजह से यह फिल्म सुर्खियों में है। इसी बीच उनके अगले बॉलीवुड प्रोजेक्ट की भी चर्चा शुरू हो गई है। खबर है कि एटली अपनी अगली फिल्म वरुण धवन के साथ बनाएंगे।
रिपोर्ट के अनुसार एटली ने अपनी अगली फिल्म के लिए वरुण धवन से संपर्क किया है। खबरों की मानें तो वरुण ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है। हालांकि, इसकी औपचारिकताएं अभी बाकी हैं। यह फिल्म विजय थलापति की फिल्म थेरी की रीमेक होगी। जून से सितंबर के बीच इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है। थेरी में सामंथा रुथ प्रभु नजर आई थीं। ऐसे में फिल्म में फीमेल लीड पर लोगों की नजर है। एटली की जवान इस साल जून में रिलीज होगी। इस फिल्म में साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री नयनतारा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उनके अलावा फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगी। चर्चा है कि शाहरुख इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगे। एक किरदार में वह रॉ एजेंट होंगे जबकि एक किरदार गैंगस्टर का होगा। नयनतारा फिल्म में जांच अधिकारी की भूमिका में होंगी। इनके अलावा फिल्म में विजय सेतुपति और विजय थलापति का भी कैमियो होगा।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा ने बढ़ाया तनाव

**» छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हेल्पलाईन नंबर जारी,**

**» सुलझाएंगे परीक्षा से जुड़ी समस्या**




रायपुर,13 फ रवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 21 फरवरी से हेल्पलाईन-2023 प्रारंभ की जा रही है।

विद्यार्थी , शिक्षक और अभिभावक रविवार एवं अवकाश दिवस को छोड़कर प्रातः 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नं. 18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं का निराकरण माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल ने बताया कि हेल्पलाइन में मनो चिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक, विषय-विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय, परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे। विषय-विशेषज्ञ आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधित समस्याओं( श्चह्म्श्ड्ढद्यद्गद्व) का निराकरण करेंगे और मंडल के अधिकारी मंडल से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे।

## ओपी चौधरी ने लगाए कई गंभीर आरोप

**पीएससी प्रीलिम्स पर भी किया सवाल**

रायपुर,13 फरवरी 2023 (ए)। पीएससी की परीक्षा पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किये हैं। ओपी चौधरी ने कहा कि कुछ प्रश्नों में सही विकल्प ही नहीं दिया गया, जबकि कुछ प्रश्नों के विकल्प में 200 वर्षों का अंतर था।

गौरतलब है कि, पीएससीकी प्रारंभिक परीक्षा प्रदेश के अलग-अलग जिलों के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी। परीक्षा में गणित, राजनीति, सही मिलान से संबंधित सवालों ने अभियर्थियों को खूब उलझाया, तो वहीं इतिहास व रीजनिंग, जनउला व अन्य विषय से संबंधित सवाल आसान रहे।



परीक्षा में हड़प्पा सभ्यता की खुदाई में मिले अवशेष, वराहमिहिर की रचना, राजा मिहिर भोज, वास्को डिगामा, डच कारखाना, अंबुर युद्ध, कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन, प्लाज्मा अवस्था, चार्टर एक्ट सहित अन्य 100 सवाल पूछे गए थे। इस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने सवाल खड़े किये हैं, साथ ही उन्होंने सरकार पर आरोप भी मढ़े। चौधरी ने कहा, अब बच्चों से यह पूछा जा रहा है कि राजनांदगांव में सीएम ने भेंट मुलाकात कब की, यह सब जानबूझकर इसीलिए किया जा रहा है कि एक गांव का गरीब व्यक्ति कभी आगे ना बढ़ सके। ओपी चौधरी ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के पीएससी भ्रष्टाचार, स्तरहीनता की पराकाष्ठा को पार कर रही है। गांव-गांव से आये बच्चों और उनके माता-पिता के साथ सबसे बड़ा अन्याय है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर उन्हें किया याद



रायपुर,13 फरवरी 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल की 14 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।मुख्यमंत्री ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल को याद करते हुए कहा है कि सहज एवं सरल व्यक्तित्व के धनी पंडित श्यामाचरण को एक कर्मठ राजनेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने पूरा जीवन आम जनता की सेवा में बिताया। किशोरावस्था में ही वे स्वतंत्रता संग्राम से सक्रिय रूप से जुड़ गए थे। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित समूचे मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए पंडित श्यामाचरण जी के योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

## संसद में गूंजा छत्तीसगढ़ में टारगेट किलिंग का मुद्दा

**भाजपा कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या पर लोकसभा में बरसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव**



रायपुर,13 फ रवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव छत्तीसगढ़ में पिछले 30 दिनों में 4 भाजपा पदाधिकारियों की निर्मम हत्या पर कांग्रेस के खिलाफ लोकसभा में जमकर बरसे। साव ने कहा कि भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग हो रही है। भारत सरकार छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को लोगों की सुरक्षा के लिए निर्देशित करे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की भी मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने लोकसभा में कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में, मैं बड़े दुख के साथ कह रहा हूं कि पिछले एक माह में भारतीय जनता पार्टी के चार प्रमुख पदाधिकारियों की निर्मम हत्या हुई है।बुधराम करटाम, नीलकंठ कक्केम,सागर साहू, रामधन अलामी इन चार प्रमुख पदाधिकारियों को लक्ष्य करके टारगेट किलिंग एक माह में हुई है। यह राजनीतिक षड्यंत्र है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ यह राजनीतिक षड्यंत्र है। राज्य की कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। हमारे लोगों से सुरक्षा वापस ली गई है। छत्तीसगढ़ को रक्तरंजित करने का प्रयास हो रहा है। छत्तीसगढ़ महतारी के 4 सपूतों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे। मैं सदन के माध्यम से निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं और भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि राज्य सरकार को निर्देशित करे कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन की रक्षा करें। लोकतंत्र की हत्या बंद हो।

## सेकंड हैंड गाड़ियों की खरीदी-बिक्री के लिए नई प्रक्रिया शुरू

**अब आरटीओ दफ्तर जाने की जरूरत नहीं, केवल 100 रुपये देने पर होजायेगा नाम ट्रांसफर !**

रायपुर,13 फ रवरी 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में सेकंड हैंड गाड़ियों की खरीदी-बिक्री के लिए अब आरटीओ दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी। परिवहन विभाग आज से आधार ऑथेंटिकेशन नाम से नई प्रक्रिया शुरू कर रहा है। इसके तहत गाड़ी को खरीद-बिक्री करने वाले अपने नजदीकी परिवहन सुविधा केंद्र जाएंगे और आसानी से नाम ट्रांसफर करा सकेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि नाम ट्रांसफर के खेल में दलालों की सक्रियता कम हो जाएगी। अभी जानकारी के अभाव में ज्यादातर लोग दलालों के चक्कर में फंसते हैं और दलाल मोटी रकम ऐंठते हैं। परिवहन अफसरों की मानें तो इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस नई व्यवस्था के शुरू होने से लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अभी जितना पैसा नाम ट्रांसफर में लग रहा है, उसमें 100 रुपए अतिरिक्त परिवहन सुविधा केंद्र को देने होंगे। परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा आधार ऑथेंटिकेशन नामक नई व्यवस्था आज से शुरू कर रहा है। इसके शुरू होने से सेकंड हैंड गाड़ी की खरीदी-बिक्री करने वालों को अब परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से घर के पास सुविधा दी जाएगी।



आरटीओ के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में हर साल दो लाख से ज्यादा सेकंड हैंड गाड़ियां खरीदी और बेची जाती हैं, इन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ट्रांसफर करना होता है। यह काम बेहद पेचीदा होता है। बता दें जब तक गाड़ी की ओनरशिप वाहन क्रेता अपने नाम ट्रांसफर नहीं करते, तब तक विधिक रूप से उस गाड़ी के मालिक नहीं कहे जाते हैं। इसी तरह यदि आपने गाड़ी बेचा है और यदि उस गाड़ी से एक्सीडेंट या कोई अपराध घटित होता है तो आरसी बुक में दर्ज व्यक्ति के नाम से कार्यवाही होती है। यदि आप पुरानी कार या बाइक खरीद या बेच रहे हैं, तो उसके लिए रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर करना जरूरी होता है। जिसके बाद गाड़ी ख़रीदने वाले के नाम से नया आरसी बुक बनता है। वर्तमान में इसके लिए ऑनलाइन फॉर्म भरना होता है। फॉर्म भरने के पश्चात वाहन विक्रेता और क्रेता दोनों को ही आरटीओ ऑफिस जाना होता है। साथ ही गाड़ी को भी वेरिफिकेशन के लिए आरटीओ ऑफिस ले के जाना पड़ता है।

पुरानी गाड़ी बेचने के बाद नाम ट्रांसफ़र कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए परिवहन विभाग आधार ऑथेंटिकेशन शुरू कर रहा है।

नाम ट्रांसफर के पेचीदगी में सेकंड हैंड गाड़ी खरीदी-बिक्री करने के बाद इसके लिए आरटीओ में आवेदन करना होता है। इसके बाद क्रेता-विक्रेता को वाहन और उसके सभी दस्तावेजों के साथ परिवहन कार्यालय जाना पड़ता है। इस दौरान वह कार्यालय के चक्कर लगाने से बचने के लिए एजेंट का सहारा लेते हैं। एजेंट इस छोटे से काम के लिए उनसे मोटी रकम वसूल करते हैं। अब यह कार्य परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से किया जा सकेगा। इस हेतु परिवहन सुविधा केंद्र संचालकों को शासकीय फ़ीस के अतिरिक्त 100 रूपए फ़ीस लेने अधिकृत किया गया है।






प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)